ज्ञानामृत

बड़ा सोचे, जल्दी सोचे, आगे सोचे विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है।

धीरूभाई अंबानी

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | शहडोल, रविवार 18 मई 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 143 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### जयराम रमेश का सांसद शशि थरूर पर तंज, कांग्रेस में होना' और 'कांग्रेस का होना', दोनों में अंतर है




**नई दिल्ली, एजेंसी।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख का संदेश लेकर जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल किए जाने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर पर महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसा है। जयराम रमेश ने थरूर का नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना में अंतर है। कांग्रेस विशाल गंगा जैसी है, जिसकी कई सहायक नदियां हैं। उनमें से कुछ सूख जाती हैं और कुछ प्रदूषित हो जाती हैं। केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत का संदेश लेकर विदेश जाने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बनाए हैं। एक प्रतिनिधिमंडल की कमान कांग्रेस सांसद शशि थरूर को मिली है। इस पर सियासत तेज हो गई है।

### मिनटों की आंधी-बारिश से हाहाकार, दिल्ली-एनसीआर में पेड़ और खंभे गिरे, रैपिड रेल की शेड उड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर के कई इलाकों में शनिवार दोपहर को मौसम पूरी तरह से बदल गया। आसमान में अचानक से काले बादल छा गए। जिससे साथ तेज गर्म हवाएं चलने लगी। मिनटों की आंधी और बारिश से कई जगहों पर भारी नुकसान हुआ है। आज तेज आंधी के कारण न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन की टिन की छत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सावधानी के तौर पर न्यू अशोक नगर स्टेशन पर परिचालन तत्काल रोक दिया गया है। घटना के संबंध में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जांच की जा रही है। भविष्य में इस तरह की घटना को रोकने के लिए आवश्यक सुधार कार्य आरंभ कर दिए गए हैं।

### ट्रंप की धमकियों पर बोले ईरानी राष्ट्रपति- अमेरिका से परमाणु बातचीत जारी रहेगी, नहीं हटेंगे पीछे



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने शनिवार को साफ किया कि उनका देश अमेरिका के साथ परमाणु कार्यक्र म को लेकर बातचीत जारी रखेगा, लेकिन धमकियों के कारण अपने अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा। राष्ट्रपति ने नौसेना अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, 'हम बातचीत कर रहे हैं और करते रहेंगे। हमें युद्ध नहीं चाहिए, लेकिन हम किसी धमकी से डरते भी नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि, 'अगर कोई ये सोचता है कि हमें डराकर हमारे वैधानिक और मानव अधिकार छीन लिए जाएंगे, तो ऐसा नहीं होगा। हम वैज्ञानिक, सैन्य और परमाणु क्षेत्रों में अपनी गरिमा से पीछे नहीं हटेंगे।' बातचीत अब विशेषज्ञ स्तर तक पहुंच चुकी है, यानी दोनों पक्ष अब समझौते की तकनीकी बारीकियों पर काम कर रहे हैं।

### ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिंग जारी, भोपाल के बीयू को एमईआर वर्ल्ड रैंकिंग्स 2025 में मिली वैश्विक मान्यता



विजय मत, भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय को स्वैद्ध वर्ल्ड रैंकिंग्स 2025 में स्थान प्राप्त हुआ है। इस रैंकिंग में उसकी शैक्षणिक गुणवत्ता, रिसर्च, समाज में सकारात्मक प्रभाव और समग्र शिक्षा के लिए सम्मानित किया गया है। यह रैंकिंग विश्वविद्यालय को विश्वभर के उच्च स्तरीय निजी और सरकारी संस्थानों के बीच स्थापित करती है। दरअसल वर्ल्ड रैंकिंग्स विश्व स्तर पर शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध की प्रभावशीलता, नवाचार, वैश्विक सहयोग और छात्र संतुष्टि जैसे मानकों के आधार पर संस्थानों का मूल्यांकन करती है।विश्वविद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्टाफ की टीम वर्क को दिया है।

## मुख्यमंत्री ने ली मेट्रोपॉलिटिन सिटी के गठन की बैठक, बोले

# मेट्रोपोलिटिन एरिया में बड़ी पंचायतें बनेंगी नगर परिषद

### नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएं, सुविधाओं का करें विस्तार

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रस्तावित भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटिन एरिया के दायरे में आने वाले नगरीय निकायों को हर तरह से मजबूत किया जाए। इन नगरीय निकायों की प्रशासनिक क्षमता और दक्षता को भी विकसित किया जाए। साथ ही आर्थिक मजबूती देने और आर्थिक रूप से बूस्ट किया जाए। ये निकाय आपसी समन्वय से आधारभूत सुविधाएं अपने क्षेत्र में विकसित करें। उन्होंने कहा कि ऐसी पंचायतें जिन्हें नगर परिषद बनाया जा सकता है उन्हें नगर परिषद बनाया जाए। सीएम यादव ने ये बातें भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटिन एरिया को लेकर शनिवार को बुलाई गई बैठक में कहीं। अफसरों ने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप मप्र मेटोपॉलिटिन क्षेत्र नियोजन और विकास अधिनियम 2025 में शामिल प्रस्तावों के बारे में जानकारी दी।



#### अधिनियम विधानसभा के मानसून सत्र में लाया जा सकता

अधिनियम विधानसभा के मानसून सत्र में लाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों से यह भी कहा कि दोनों ही मेट्रोपॉलिटिन एरिया के विकास के लिए समग्र विकास के प्रस्ताव बनाएं और लार्जर एरिया में सीवेज, वाटर सप्लाई, यातायात समेत अन्य सुविधाएं वृहद रूप से विकसित करें। मुख्यमंत्री ने दोनों ही मेट्रोपोलिटिन एरिया के प्रजेंटेशन देखे। मेट्रोपॉलिटिन सिटी एरिया के गठन को लेकर आयोजित बैठक में भोपाल और इंदौर के साथ मेट्रोपॉलिटिन एरिया में जोड़े जाने वाले शहरी और ग्रामीण इलाकों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा, संजय शुक्ल, प्रमुख सचिव पंचायत और ग्रामीण विकास दीपाली रस्तोगी समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे।

#### विधानसभावार 18 विभागों का डेटा जुटाने का काम किया जाएगा

पहले चरण में टीम का गठन, सर्वे, बैठकें आयोजित कर अमलीजामा पहनाना, वर्क प्लान फाइनल करना, सभी विभागों का सर्वे अपने अपने एरिया में करना और विधानसभावार 18 विभागों का डेटा जुटाने का काम किया जाएगा। आखिरी स्टेज में इंजीनियरिंग, लागत अनुमान और वर्क प्लान की डीपीआर तैयार की जाएगी।


#### पांचों जिलों के गांव और शहरों को एक दूसरे से जोड़ा जाएगा

बताया गया कि दो जून को डीपीआर बनाने के लिए टेंडर निकाला जाएगा। इसके आधार पर टेंडर लेने वाली कंपनी को डीपीआर बनाने का काम सौंपा जाएगा। इस डीपीआर के लिए 18 विभागों से डेटा मांगा गया है। पांचों जिलों के गांव और शहरों को एक दूसरे से जोड़ा जाएगा। सड़कों को एक दूसरे से जोड़कर आवागमन आसान किया जाएगा। इन जिलों के पर्यटन क्षेत्रों को जोड़ा जाएगा। सैटेलाइट से गांवों को चिह्नित किया जाएगा।

## आरएसएस चीफ मोहन भागवत बोले

# दुनिया आपको तभी सुनती है जब आपके पास शक्ति हो

**जयपुर, एजेंसी**



पाकिस्तान से हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ। मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया आपको तभी सुनती है जब आपके पास शक्ति हो। शनिवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने उक्त बातें कही। उन्होंने यह भी कहा कि भारत विश्व का सबसे प्राचीन देश है। उसकी भूमिका बड़े भाई की है। भारत विश्व में शांति और सौहार्द के लिए कार्य कर रहा है। दरअसल आरएसएस के सरसंघचालक शनिवार को जयपुर के हरमाडा स्थित रविनाथ आश्रम में आयोजित रविनाथ महाराज की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में बोल रहे थे।

#### भारत में त्याग की परंपरा रही है: मोहन भागवत

कार्यक्रम में आरएसएस चीफ डॉ। मोहन भागवत ने कहा कि भारत में त्याग की परंपरा रही हैं। भगवान श्री राम से लेकर भामाशाह को हम पूजते और मानते हैं। भागवत ने कहा कि विश्व को धर्म सिखाना भारत का कर्तव्य है लेकिन इसके लिए भी शक्ति की आवश्यकता होती है।

#### हमें शक्ति संपन्न होने की जरूरत

पाकिस्तान पर हालिया कार्रवाई की चर्चा करते हुए कहा कि भारत किसी से द्वेष नहीं रखता लेकिन विश्व प्रेम और मंगल की भाषा भी तब ही सुनता है जब आपके पास शक्ति हो। यह दुनिया का स्वभाव है। इस स्वभाव को बदला नहीं जा सकता, इसलिए विश्व कल्याण के लिए हमें शक्ति संपन्न होने की आवश्यकता है। और हमारी ताक़त विश्व ने देखी है। उन्होंने कहा कि विश्व कल्याण हमारा धर्म है। विशेषकर हिंदू धर्म का तो यह पक्का कर्तव्य है। यह हमारी ऋषि परंपरा रही है जिसका निर्वहन संत समाज कर रहा है।

## उत्तरी कश्मीर में कई जगह पुलिस के छापे, सांबा में भी सेना का सर्च ऑपरेशन जारी

# पाकिस्तानी पीएम ने माना-नूर खान एयरबेस पर हमला हुआ

**श्रीनगर/इस्लामाबाद, एजेंसी**



जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी सेंट्रल और नॉर्थ कश्मीर के सोपोर, बारामुला, हंदवाड़ा, गांदरबल और श्रीनगर समेत कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई आतंक से जुड़े मामलों की जांच के सिलसिले में की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार देर रात एजेंसी को संदिग्ध आतंकी मूवमेंट की जानकारी मिली थी, जिसके बाद यह कार्रवाई शुरू की गई। वहीं, सांबा जिले के एक गांव में टेरर एक्टिविटी दिखने के बाद सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। इधर, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नूर खान एयरबेस पर भारतीय हमले की बात कुबूल कर ली है। उन्होंने कहा कि 10 मई की रात करीब 2:30 बजे जनरल आसिम मुनीर ने उन्हें सेफ लाइन पर फोन कर बताया कि भारत की बैलिस्टिक मिसाइलों ने नूर खान एयरबेस और कुछ अन्य इलाकों को निशाना बनाया है। शरीफ ने शुक्रवार रात दावा किया कि पाकिस्तान की वायुसेना ने देसी तकनीक और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर देश को बचाया। चीन से मिले जेट्स का भी इस्तेमाल किया गया।

## माध्यमिक-प्राथमिक शिक्षक भर्ती पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगी नियुक्तियां, सरकार व अन्य को नोटिस

**विजय मत ब्यूरो, जबलपुर**



मध्यप्रदेश में माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में हुई नियुक्तियों को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने शनिवार को महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए राज्य सरकार को नियुक्तियों को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रखने के निर्देश दिए हैं। उक्त निर्देश याचिकाकर्ता प्रदीप कुमार पांडे बनाम मध्य प्रदेश राज्य व अन्य के मामले में पारित किया गया है। जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार सहित प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, लोक शिक्षण संचालनालय और कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस जारी कर जबाव मांगा है।

# सड़क पर पलटा बीयर से लदा ट्रक, लूटने के लिए मची होड

**मुंबई, एजेंसी**



महाराष्ट्र के एमआईडीसी क्षेत्र में एक बीयर से लदा ट्रक अचानक से सड़क पर पलट गया, जिसके कारण उसके अंदर रखी बीयर की पेटियां सड़क पर बिखर गई। जैसे ही लोगों को इसकी सूचना मिली, कुछ ही देर में ट्रक के पास भीड़ जुट गई। हालांकि इन लोगों ने ट्रक चालक और सह-चालक की मदद करने की जहग बीयर की पेटियां उठाकर ले जाने पर जोर दिया। जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में चालक और सह-चालक को मामूली चोटें आई हैं। घायल चालक और क्लीनर को अनदेखा कर लोगों ने बीयर चुराना शुरू कर दिया। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। ट्रक में रखी अधिकांश बीयर की पेटियां गायब हो चुकी थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ट्रक पलटने की वजह अभी तक साफ नहीं हो सकी है।

## दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका

# 15 पार्षदों ने बगावत की, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का गठन, मुकेश गोयल बने नेता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दिल्ली नगर निगम में आप के 15 नगर पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इन्होंने इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी नाम से तीसरा मोर्चा बनाने की घोषणा भी कर दी है। मुकेश गोयल नए मोर्चे का नेतृत्व करेंगे। इस्तीफा देने वाले अन्य पार्षदों में हेमचंद गोयल, हिमानी जैन, रुनाक्षी शर्मा, उषा शर्मा, अशोक पांडेय, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार लाडी, मनीषा, सुमन अनिल राणा, देविंदर कुमार और दिनेश भारद्वाज शामिल हैं। पार्षदों ने एक प्रेस रिलीज में लिखा, हम सभी पार्षद एमसीडी में साल 2022 में आप की टिकट से चुने गए थे। हालांकि, 2022 में चुनाव जीतने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व एमसीडीको ठीक से नहीं चला पाया। बड़े नेताओं का पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई है। जनता से किए गए वादे को पूरा न कर पाने के कारण हम पार्षद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

# भारत में जासूसी के आरोप में महिला यूट्यूबर गिरफ्तार

### पूछताछ में किए बड़े खुलासे

**चंडीगढ़, एजेंसी**



हिसार पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा तथा उसके पांच साथी शामिल हैं। ज्योति को हिसार के न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया है। ज्योति ट्रैवल विद जो नाम से अपना यू ट्यूब चैनल चलाती है। ज्योति ने पुलिस को बताया कि वह वर्ष 2023 में वीजा लगवाने के लिए पाकिस्तान हाई कमीशन में गई थी। वहां उसकी मुलाकात अहसान उर रहीम उर्फ दानिश से हुई। उसने दानिश का मोबाइल नंबर ले लिया। दोनों की बातें होने लगी। उसके बाद उसने दो बार पाकिस्तान की यात्रा की थी। ज्योति ने बताया कि पाकिस्तान में अहसान उर रहीम के कहने पर उनके जानकार अली अहवान से मिली।

# भारतीय बाजार में लौट रहा विदेशी निवेशकों का भरोसा

### इस हफ्ते हुई 4452 करोड़ की शुद्ध खरीदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत और पाक के बीच तनाव के बावजूद विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजारों में भरोसा कायम है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस हफ्ते में भारतीय इक्विटी बजारों में मजबूत निवेश किया है। 13 मई से 16 मई के बीच 4,452.3 करोड़ रुपये भारतीय बाजारों में डाले गए । इस सप्ताह के दौरान शुक्रवार को सबसे अधिक निवेश किया गया है।

#### वैश्विक चिंताओं की वजह से पहले तीन महीनों में बिकवाली हुई

हालांकि, मई में सकारात्मक रुझान के बावजूद, एफपीआई ने 2025 में अबतक बाजार से पैसे निकाले ही हैं। वर्ष की शुरुआत से कुल 93,731 रुपये भारतीय बाजार से बाहर गए हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है साल के पहले तीन महीनों जनवरी, फरवरी और मार्च में हुई भारी बिकवाली।

**विजय मत एंकर** टेक्स्ट नेक सिंड्रोम, स्मार्टफोन के लंबे समय तक इस्तेमाल के कारण होने वाली समस्या है

# करीब 60 प्रतिशत युवा टेक्स्ट नेक की समस्या का शिकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टेक्स्ट नेक सिंड्रोम, स्मार्टफोन के लंबे समय तक इस्तेमाल के कारण होने वाली समस्या है। खराब पॉश्चर में या फिर लंबे समय तक गर्दन को झुकाकर मोबाइल फोन चलाते रहने, रील्स देखते रहने की आदत गर्दन में दर्द और जकड़न बढ़ाने वाली हो सकती है। लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है, युवाओं में टेक्सट नेक की समस्या ऐसी ही है। रिपोर्ट्स बताते हैं कि करीब 60त्न युवा इस समस्या से या तो परेशान हैं या फिर कभी न कभी इसका शिकार रह चुके हैं। टेक्स्ट नेक सिंड्रोम, स्मार्टफोन के लंबे समय तक इस्तेमाल के कारण होने वाली दिक्कत है। खराब पॉश्चर में या फिर लंबे समय तक गर्दन को झुकाकर मोबाइल फोन चलाते रहने, रील्स देखते रहने की आदत गर्दन में दर्द और जकड़न बढ़ाने वाली हो सकती है। कुछ स्थितियों में ये समस्या काफी असहज कर देने वाली हो सकती है जिसके कारण आपके लिए दैनिक जीवन के कामकाज भी कठिन हो सकते हैं।



#### 15-20 वर्ष की आयु वालों में बढ़ रहा है खतरा

इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हेल्थ साइंसेज एंड रिसर्च (आईजेएचएसआर) ने एक रिपोर्ट में बताया कि 15–20 वर्ष की आयु वाले लोग गर्दन में इस तरह की तकलीफ के लिए सबसे अधिक संवेदनशील होते हैं। पश्चिमी अफ्रीका के बेनिन में 1835 छात्रों के बीच किए गए अध्ययन में पाया गया कि 74.55प्रतिशत ने मोबाइल के जरिए अक्सर मैसेज करते रहने के बारे में जानकारी दी।

#### टेक्स्ट नेक के कारणों को जानिए

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, टेक्स्ट नेक आधुनिक युग की एक आम स्वास्थ्य समस्या है। गर्दन और रीढ़ की हड्डी को झुकाकर लंबे समय तक स्क्रीन देखने रहने से इसका खतरा हो सकता है। इससे मांसपेशियों और हड्डियों पर दबाव बढ़ता है। जब हम सिर झुकाते हैं, तो गर्दन के मोड वाले हिस्से पर भार बढ़ जाता है। सामान्यत: सिर का वजन लगभग 4.5–5.5 किलो होता है, लेकिन जब उसे 60 डिग्री झुकाया जाता है, तो इसका भार गर्दन के झुकाव पर 25 किलो तक हो सकता है।

## न्यूज इन शॉर्ट



### लहुलुहान हालत में मिला युवक

उमरिया। मानपुर थाना अंतर्गत ताला मार्ग स्थित परासी मोड़ के आगे मानपुर निवासी भोला पिता हरेंद्र विश्वास उम्र करीब 43 वर्ष लहूलुहान हालत मे मिलने का समाचार प्रकाष में आया है। बताया जाता है कि घायल भोला विश्वास के सिर सहित शरीर के कई हिस्सो में चोटे आई है। परिजनों की माने तो घायल भोला विश्वास मानपुर से खितौली जा रहे थे,तभी परासी मोड़ के आगे बगदरा के पास गम्भीर हालत में मिले है। परिजनों की माने तो जिस स्थल पर घायल अवस्था मे भोला विश्वास मिले है,वहाँ से काफी दूर उनकी दोपहिया वाहन मिली है,इसके अलावा घटना स्थल पर उनका मोबाइल भी नही मिला है,जिससे पूरा मामला सन्दिग्ध प्रतीत हो रहा है। शुक्रवार की शाम 5 बजे हुए इस हादसे के बाद परिजनों ने घायल युवक को जिला अस्पताल लाया ,जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर हालत न होने की वजह से घायल को जबलपुर रेफेर किया गया है।

### पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पर किया पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित

उमरिया। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने थाना चंदिया के अपराध क्रमांक 73/25 धारा 137 (2) बी एन एस के आरोपी पर 5 हजार रूपये ईनाम घोषित किया है । ईनाम वितरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक जिला उमरिया का अंतिम निर्णय होगा ।

### श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई भोपाल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

उमरिया। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा स्थापित श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई., भोपाल में मण्डल अंतर्गत पंजी.त निर्माण श्रमिकों तथा उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाता है। श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई., भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रशिक्षणार्थियों के प्रवेश हेतु संचालनालय, कौशल विकास विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यक्रम संपन्न

उमरिया। विकासखंड मानपुर में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस अवसर पर ब्लॉक मलेरिया टेक्नीशियन सुपरवाइजर सीडी पाठक द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया से संबंधित बचाव की जानकारी दी गई । जिला समन्वय किशोर स्वास्थ्य बिसीएम राजेंद्र वर्मा , किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता पूनम मिश्रा सेक्टर बिजोरी एवं मानपुर के आशा सुपरवाइजर एवं आशाएं उपस्थित रहे।

### कागज़ों में बंद कर्तव्य, जाम में डूबा उमरिया जिला , अंग्रेजी की हो रही तरक्की



उमरिया। इन दिनों अंग्रेजी शराब की अवैध पैकारी मानो कोई खुला व्यापार बन चुकी है। जिम्मेदार अफ़सर और जनप्रतिनिधि चुप्पी की चादर ओढ़े बैठे हैं, जैसे शराब नहीं, चाय बंट रही हो। स्थिति यह है कि गाँव-गाँव तक ठेकेदारों की अवैध सप्लाई पहुंच रही है और कानून की आंखों पर काली पट्टी बंधी हुई है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो शराब ठेकेदार अब केवल दुकान तक सीमित नहीं रहे। वे अब मोहल्लों, कस्बों और ग्रामीण इलाकों में खुद डिलीवरी बॉय बनकर शराब बेच रहे हैं। यह अवैध धंधा न केवल कानून का मजाक बना रहा है, बल्कि युवा पीढ़ी को शराब की गिरफ्त में धकेल रहा है। विडंबना देखिए कि जिन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस पर रोक लगाने की जिम्मेदारी है, वे या तो अनजान बने हुए हैं या फिर उन्हें मौनव्रत का वरदान मिला हुआ है। आम जनता सवाल करती है कि क्या इन लोगों को दिखता नहीं, या देख कर भी अनदेखा किया जा रहा है? युवाओं में शराब की लत तेजी से बढ़ रही है। पहले स्कूल-कॉलेजों के सामने पान-गुटखा बिकता था, अब कुछ जगहों पर शराब के अड्डे सजने लगे हैं। शिक्षा की बातें करने वाले मंचों पर बैठे लोग भी आंखें मूंदे हैं। किसी को इस बात की फिक्र नहीं कि इस नशे की आग में एक पूरी पीढ़ी झुलस रही है। कुछ जागरूक नागरिकों और पत्रकारों द्वारा आवाज उठाई गई, पर जवाब में मिला या तो हम ने कारवाई कि है का बहाना या हमें इसकी जानकारी नहीं थी जैसी औपचारिक प्रतिक्रिया। ज़ाहिर है, या तो सूचना तंत्र ही नाकाम है या फिर नीयत में खोट है।उमरिया का यह चित्र साफ दिखाता है कि कैसे शराब माफिया प्रशासन की नाक के नीचे अपने धंधे को बढ़ा रहे हैं और युवा वर्ग को अपना स्थायी ग्राहक बना रहे हैं। वक्त रहते यदि इस पर रोक नहीं लगी तो वह दिन दूर नहीं जब ज़िले का नाम अंग्रेजी शराब वितरण केंद्र के रूप में जाना जाएगा। शराब पर सख्ती के नारे कागज़ों तक सीमित हैं, ज़मीनी हालात कुछ और ही कहानी कहते हैं। सवाल यही है क्या अफ़सर और नेता इस नशे की राजनीति से बाहर आकर सच में कुछ करेंगे या बस मदिरा-मुक्ति सप्ताह मनाकर फिर अगले जाम का इंतज़ार करेंगे?

**कीड़ायुक्त गंदे व बदबूदार पानी पीने के लिए मजबूर, पोखरे और बावडियो से बुझ रही आकाशकोट निवासियों की प्यास**

# 136 करोड़ की परियोजना के बाद भी आकाशकोट के लोग प्यासे

**विजय मत, उमरिया**
**दीपनारायण सोनी**






जिले की बहुप्रतीक्षित आकाश कोट पेयजल योजना, जिस पर सरकार ने 136 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, वो अब तक सिर्फफाइलों में ही चल रही है। जल निगम के अनुसार इस योजना को पूरा करने में 3 वर्ष का समय तय है । 24 महीने का समय पूरा हो जाने के बाद भी मंजूरियाँ अभी तक अधूरी हैं। आकाषकोट ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत यह कार्य मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राटेक प्रायवेट लिमिटेड एंड जैटवर्क मैनुफैक्रिंग प्रायवेट लिमिटेड को अनुबंध क्रमांक 21/2023-24 दिनांक 16.05.2023 को किया गया था । योजना मे सम्मिलित गांव की संख्या कुल 108 ग्राम षामिल किए गए थे। इस योजना की अनुबंध लागत 136.49 करोड रूपये की थी। इस योजना का कार्य 15अप्रैल 2023 को प्रारंभ किया गया था । योजना का कार्य समाप्त होने की तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई थी। सरकारी कागजों में कार्य की वर्तमान भौतिक प्रगति 41.60 प्रतिषत बताई जा रही है । साथ ही कार्य की वित्तीय प्रगति 36.16 प्रतिषत बताई गई है। जबकि जमीनी हकीकत आकाषकोट के गांव में पहुंचकर पता चल रहा है कि यह पूरी योजना सिर्फकागजों पर ही आकाषकोट के लोगो की प्यास बुझा रही है। यह सब देखते हुए यही कहा जा सकता है कि आकाश कोट पेयजल योजना फिलहाल सरकारी कागज़ों में ही चल रही है।

### गंदा और बदबूदार पानी पीने के लिए मजबूर

आकाषकोट के लगभग 108 ग्रामों के लोग आज भी कीडायुक्त गंदा व बदबूदार पानी पीने के लिए भी जद्दोजहद कर रहे है। कई किलोमीटर पैदल चलकर ग्रामीण जन पोखरो और बावडियो से सर पर बर्तन रख पानी ढोने को मजबूर है। इन्ही कारणों से गांव के लोगो को कई प्रकार की बीमारियों का भी सामना करना पड रहा है।

### आज भी अधूरी है परियोजना

आकाषकोट में ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना आज भी पूरी तरीके से अधूरी पडी हुई है। जबकि इस योजना को दो वर्ष में पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन अपनी कमजोरी छुपाने के लिए एक्सटेंषन का बहाना कर एक वर्ष की अवधि और बढ़ा ली गई है । जमीनी हकीकत तो यह है कि आकाषकोट के किसी भी गांव में पीने का पानी नही पहुंच पा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि आकाषकोट के लोगो के लिए यह योजना भागीरथी बने यह आज भी प्रतिक्षित है।

### इनका कहना है

यह योजना 2023 मे शुरू किये गये इस प्रोजेक्ट की समय सीमा समाप्त हो गई है और अभी जंगल विभाग की एन ओ सी अभी तक नहीं मिली है इसे एक्सटेंशन के लिए लिखा गया 2026 तक यह प्रोजेक्ट पूरा कर लिया जाएगा।

**जल निगम महाप्रबंधक**
**पलक जैन**

# कांग्रेस ने फूंका उप मुख्यमंत्री का पुतला

**सेना को लेकर दिये गये बयान के खिलाफप्रदर्शन, बर्खास्त करने की मांग**

**विजय मत, उमरिया**



देश की सेना को लेकर दिये गये बयान के खिलाफ गत दिवस जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला फूंका तथा जम कर नारेबाजी की। स्थानीय गांधी चौक मे आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि भाजपा के नेता लगातार सेना तथा सैनिकों का अपमान कर रहे हैं। पहले राज्य सरकार के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर शर्मनाक टिप्पणी की अब उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने भारतीय सेना और सैनिकों को प्रधानमंत्री के चरणों मे नतमस्तक होने का बयान देकर मर्यादा को तार-तार कर दिया है। श्री सिंह ने कहा कि सेना के जवानो के कारण ही हमारा देश सुरक्षित हैं। ऐसे महान सैनिकों का आदर करने की बजाय मंत्री जैसे जिम्मेदार व्यक्ति सार्वजनिक रूप से उनका अपमान कर रहे हैं। उन्होने आरोप लगाया कि भाजपा दोनो मंत्रियों को संरक्षण दे रही है। इसे कांग्रेस कभी भी बर्दाशत नहीं करेगी। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिल मे यदि सेना के प्रति जरा सा भी सम्मान है तो वे दोनो मंत्रियों को तत्काल बर्खास्त करें। कार्यक्रम मे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय सिंह, राजेश शर्मा, ठाकुर दास सचदेव, त्रिभुवन प्रताप सिंह, अम्रतलाल यादव, अशोक गौंटिया, मयंक सिंह, रघुनाथ सोनी, मिथलेश राय, ओमप्रकाश सोनी, शिशुपाल यादव, संतोष सिंह, मो.आजाद, निरंजन प्रताप सिंह, नासिर अंसारी, बिजेंद्र सिंह अब्बू, राजीव सिंह, विक्रम सिंह, श्रीमती सावित्री सिंह, श्रीमती शकुंतला धुर्वे, रामायणवती कोल, उत्तरा सिंह, रोशनी साहू, ऐरास खान, उमेश कोल, ताजेन्द्र सिंह, मुकेश सिंह, राजेश सिंह, जग्गी कोरी, मंगल सिंह, बच्चा अग्रवाल, अयाज खान, शिवम कोरी, विपिन, रवि साहू, बाबू लाल आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### पालीटेक्निक महाविद्यालय में विभिन्न संकायों का काउंसलिंग पंजीयन प्रारंभ

उमरिया। प्राचार्य शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय ने बताया कि तकनीकी शिक्षा मप्र व्दारा जारी काउंसलिंग समय सारिणी सत्र 2025-26 हेतु काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ है । संस्था में इलेक्ट्रिकल इंजी. मैकेनिकल इंजी, सिविल इंजी, माइनिंग इंजी संचालित है । सभी ब्रांचों में रिक्त सीटो की संख्या 60 है । इसके अलावा किसी भी ट्रेड से आईटीआई व्दितीय पाठ्यक्रम उत्तीण अथवा 12 वीं उत्तीण विद्यार्थी लेटरल इंट्री के माध्यम से सीधे मनचाही ब्रांच में व्दितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश ले सकते है । रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी पर उपलब्ध है। साथ ही संस्था में प्रवेश के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर संस्था से प्राप्त की जा सकती है।

## ग्राम कुदरी , धमोखर में शासकीय जमीन से हटाया गया अतिक्रमण



**विजय मत, उमरिया**

मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम कुदरी में ग्राम पंचायत कुदरी हेतु प्रस्तावित शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम व्दारा हटाया गया तथा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराकर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव को सौंपा गया । उक्त भूमि पर परसोत्म , सरसोत्म चौधरी व्दारा अतिक्रमण किया गया था। कार्यवाही के दौरान एसडीएम मानपुर टी आर नाग, तहसीलदार मानपुर सतीश सोनी, नायब तहसीलदार रामलाल पनिका सहित , खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी , पुलिस बल उपस्थित रहा। इसी तरह ग्राम धमोखर में बाघटोला रिसोर्ट द्वारा शासकीय आराजी खसरा नंबर252 के0.202 हेक्टयर पर तार से फेसिंग कर अतिक्रमण किया गया था, जिसे हटाने की कार्यवाही की गई तथा अतिक्रमण मुक्त जमीन को ग्राम पंचायत को सौपा गया। कार्यवाही के दौरान एसडीएम मानपुर टी आर नाग ,नायब तहसीलदार बरबसपुर एवं नायब तहसीलदार इंदवार, पटवारी उपस्थित रहे।

# ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक 23 मई को

**विजय मत, उमरिया**

जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति पाली की बैठक 23 मई को जनपद पंचायत सभागार पाली में सायं 4 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में ऋण जमा अग्रिम साख अनुपात पर चर्चा, वित्तीय साक्षरता अभियान एवं प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रामीण शाखाओ व्दारा शिविर आयोजन की चर्चा, जिला व्यापार उद्योग केंद्र उमरिया के योजनाओं की समीक्षा, एनयूएलएम अंतर्गत मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, स्व सहायता समूह के बैंक लिंकेज एवं प्रधानमंत्री स्व निधि योजना की समीक्षा, पशुपालन, मत्स्य , .षि विभागों के केसीसी के प्रगति की समीक्षा, एनआरएलएम विभाग अंतर्गत स्व सहायता समूह बैंक लिंकेज एवं प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना की समीक्षा, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना की समीक्षा, आदिवासी वित्त विकास विभाग की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा, सीएम हेल्पलाइन लाइन लंबित शिकायतों की समीक्षा, एसबीआई आरसेटी उमरिया की समीक्षा सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

## स्टेडियम में हैंडबाल, हाकी एवं कराते तथा तथा कॉलरी स्कूल मैदान में वॉलीवाल का प्रशिक्षण प्रारंभ




**विजय मत, उमरिया**

मध्य प्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश के सदुपयोग हेतु प्रदेश के सभी जिलों में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से 30 जून के मध्य लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला मुख्यालय उमरिया में 15 जून तक चलने वाले प्रशिक्षण का शुभारंभ स्टेडियम उमरिया में प्रतिपाल सिंह महोबिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला उमरिया व्दारा किया गया । जिला मुख्यालय स्टेडियम में हैंडबॉल,हॉकी व कराते एवं कॉलरी मैदान में वॉलीबॉल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही विकासखंड मानपुर में समन्वयक भागवत प्रसाद पटेल व पाली में समन्वयक रेशमा शर्मा के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण शिविर के दौरान खेल सामग्री, पौष्टिक स्वल्पाहार,पानी की व्यवस्था विभाग के द्वारा की जाएगी । अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा खिलाड़ियों को ऐसे प्रशिक्षित किया जाएगा , जिससे वह आने वाली खेल प्रतियोगिता में उच्च खेल का प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के चयनित हो सके।

प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए भी विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया।

पूर्व जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी व बॉलीवॉल के संतोष सिंह ने भी अपने विचार खिलाड़ियों के बीच रखे कार्यक्रम में उपस्थित सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। इस अवसर पर एस पी तिवारी पूर्व जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, संतोष सिंह जिला वॉलीबॉल संघ उमरिया, राष्ट्रीय खिलाड़ी आकाश बर्मन,शिवम सोधिया, शिव प्रताप पाल,रूपेंद्र प्रताप सिंह,रवि सिंह रोहित सिंह मार्को कराते प्रशिक्षक वंदना राय की उपस्थिति रहे।

# जिला जेल उमरिया में विधिक सहायता शिविर संपन्न

**विजय मत, उमरिया**



जिला जेल उमरिया में न्यायाधीश / सचिव मोहन डावर द्वारा जेल का निरीक्षण / अवलोकन किया गया साथ ही विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर न्यायाधीश / सचिव मोहन डावर द्वारा बंदियों को विधिक अधिकार तथा उनके कर्तव्यों की जानकारी दी गयी तथा बंदियों को अनुशासन में रहने की प्रेरणा दी गयी ।

इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी बी.डी. दीक्षित, उप जेल अधीक्षक श्री माखन सिंह मार्को भी उपस्थित रहे।

शिविर का आयोजन कुसलता पूर्वक किया गया तथा प्रमुख मुख्य प्रहरी तथा जेल में ड्यूटीरत समस्त अधिकारी / कर्मचारी निरीक्षण/ शिबिर के समय उपस्थित रहे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड शहडोल, पाण्डवनगर शहडोल (म.प्र.)**

Web site: www.mpphe.gov.in
Phone No. 07652-240307

Email: cephedshd@mp.nic.in
Fax No. 07652-240307

पत्र क्रमांक 621 / व0ले0लि0/का.यं. / लो.स्वा.यां. / 2025-26

शहडोल, दिनांक 13.5.25

**निविदा आमंत्रण सूचना**

शहडोल जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत नवीन नलजल योजनाओं हेतु स्त्रोत निर्माण कार्यों की निविदा ई-टेंडरिंग पद्धति से **Website http://mptenders.gov.in** निविदा प्रारूप एपेन्डिक्स 2.1 पर आमंत्रित की गई है। जिसमें ऑन लाईन निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि 19.05.2025 सायं 5.30 बजे तक नियत है निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-


| निविदा क्र | ऑग लाईन निविदा क्र. | ग्राम का नाम | अनुमानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र की राशि (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रण संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | 422341 | DRILLING OF 20 NO. 200 MM DIA DTH TUBE WELL 120 M. DEEP IN SHAHDOL DIST | 19.39 | 38773.00 | 2000.00 | 01 माह | प्रथम |
| 18 | 422477 | DRILLING OF 20 NO. 200 MM DIA DTH TUBE WELL 120 M. DEEP IN SHAHDOL DIST | 19.39 | 38773.00 | 2000.00 | 01 माह | प्रथम |
| 19 | 422478 | Drilling of 17 No. 400/200 mm dia Gravel Pack Tube well, 75 mtr. Deep in Shahdol District | 19.70 | 39385.00 | 2000.00 | 01 माह | प्रथम |
| 20 | 422779 | Drilling of 17 No. 400/200 mm dia Gravel Pack Tube well, 75 mir. Deep in Shahdol District | 19.70 | 39385.00 | 2000.00 | 01 माह | प्रथम |
| 21 | 422780 | Drilling of 18 No. 350/150 mm dia Gravel Pack Tube well, 75 mtr. Deep in Shahdol District | 19.97 | 39947.00 | 2000.00 | 01 माह | प्रथम |
| 22 | 422781 | DRILLING OF 40 NO. 150 MM DIA DTH TUBE WELL 120 M. DEEP IN SHAHDOL DIST | 41.01 | 50000.00 | 5000.00 | 01 माह | प्रथम |
| 23 | 422782 | DRILLING OF 40 NO. 150 MM DIA DTH TUBE WELL 120 M. DEEP IN SHAHDOL DIST | 41.01 | 50000.00 | 5000.00 | 01 माह | प्रथम |

G12963/25

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**शहडोल (म.प्र.)**

## न्यूज इन शॉर्ट

### आर्या अग्रवाल ने 10वीं में 90 प्रतिशत अंक हासिल किए



शहडोल। संभागीय मुख्यलाय शहडोल में गुड्स शेफर्ड कार्बेट स्कूल शहडोल की अध्यनरत छात्रा आर्या अग्रवाल ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। आर्या की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। उनकी इस सफलता का श्रेय वह नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास, माता-पिता के आशीर्वाद तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को देती हैं। आर्या अग्रवाल ने कहा कि मै आईआईटी करने के बाद क्क्रष्ट कर आईएएस बनना चाहती हूं जिसके लिए मैं अभी से तैयारी भी शुरू कर दी हूं। माता पिता ने आर्या को बधाई देते हुए कहा कि वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। आर्या के पिता अमित कुमार अग्रवाल ने बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि यह उसकी कठिन मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। आर्या की इस उपलब्धि से यह सिद्ध होता है कि समर्पण और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। समाज में बेटियों की यह सफलता एक सकारात्मक संदेश देती है। ज्ञात हो कि आर्या अग्रवाल के पिता अमित कुमार अग्रवाल शहडोल में कृषि उपज से संबंधित ट्रेडिंग का कार्य करते है एवं किसान भी है तथा किसान परिवार से है एवं पुस्तैनी शहडोल के रहने वाले है।

### पुलिस द्वारा नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

शहडोल। जय सिंहनगर थानान्तर्गत फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज किया था किए उसकी 17 वर्षीय नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में उक्त नाबालिक बालिका की पता तलाश घटना दिनांक से लगातार की गई जो 16 मई को उक्त बालिका को स्थानीय बाजार जयसिंहनगर से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।



### राह से भटके 10 वर्षीय बालक को डायल.100 ने परिजनों से मिलाया

शहडोल।थाना सिंहपुर क्षेत्रांतर्गत रात्रि में राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल.100 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सिंहपुर क्षेत्र में एक 10 वर्षीय बालक राह भटक गया है और सहायता की आवश्यकता है।
सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना सिंहपुर में तैनात डायल.100 वाहन को मौके पर रवाना किया गया। आरक्षक आलोक सिंह बघेल एवं पायलेट भारत यादव द्वारा मौके पर पहुँचकर बालक को संरक्षण में लिया गया। पूछताछ में बालक ने बताया कि वह अपनी नानी के गाँव चिटुला से मिठौरी गाँव जा रहा था लेकिन रास्ता भटक कर सिंहपुर पहुँच गया।
सिंहपुर पुलिस डायल.100 स्टाफ द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बालक को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों को मिठौरी गाँव में सुपुर्द किया गया।

### अवैध शराब जब्त

शहडोल। जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गईए जिसमें कुल 04 स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में 32 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त की गईए जिसकी कुल कीमत 3200 है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

# कोरोना काल की सबसे बड़ी लूट, जैतहरी में 32 लाख का घोटाला

## पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष नवरत्नी शुक्ला को मप्र शासन का नोटिस, जनता मांग रही सीबीआई जांच

**विजय मत, अनूपपुर/ जैतहरी**


मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग का छोटा सा कस्बा जैतहरी, जहां की आबादी सिर्फ 8,396 है, आज एक बड़े घोटाले की वजह से सुर्खियों में है। कोरोना काल में 31.85 लाख की संदिग्ध खरीदी के इस मामले ने स्थानीय जनता को गुस्से से भर दिया है। मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने जैतहरी नगर परिषद की तत्कालीन अध्यक्ष श्रीमती नवरत्नी विजय शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा है। लोग इस मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं, और सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इतने छोटे कस्बे में इतना बड़ा खेल कैसे हो गया?

### कोरोना काल में लूट का बाजार

साल 2020 में, जब पूरा देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था, लोग मास्क, सैनिटाइजर और ऑक्सीजन के लिए तरस रहे थे। ऐसे संकट के समय में, जैतहरी नगर परिषद की तत्कालीन अध्यक्ष नवरत्नी शुक्ला ने जून-जुलाई 2020 में स्वच्छता सामग्री÷ के नाम पर 31.85 लाख की खरीदी के बिल बनवाए। लेकिन जांच में खुलासा हुआ कि इस खरीदी का न तो कोई स्टॉक रजिस्टर है, न वितरण का रिकॉर्ड, और न ही सामान के उपयोग का कोई सबूत। शहडोल संभाग की सबसे छोटी नगर परिषद होने के बावजूद, जैतहरी ने भ्रष्टाचार में बाजी मार ली।

### शासन का सख्त रुख

मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 51 के तहत इस खरीदी को गैरकानूनी माना गया है। शासन ने नवरत्नी शुक्ला को नोटिस भेजकर चेतावनी दी है कि



मध्यप्रदेश शासन,
नगरीय विकास एवं आवास विभाग,
मंत्रालय, भोपाल

क्रमांक 1307 /1483/2021/18–3, भोपाल दिनांक 16 /04/2025

प्रति,
श्रीमती नवरत्नी शुक्ला
तत्का. अध्यक्ष,
नगर परिषद जैतहरी,
जिला – अनूपपुर म.प्र.

द्वारा : संभागीय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास शहडोल संभाग जिला शहडोल मध्यप्रदेश।
विषय : मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 35–क व अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कारण बताओं सूचना पत्र। (लोकायुक्त प्रकरण क्रमांक 0083/2021)
——00——

आप दिनांक 13.02.2018 से दिनांक 11.02.2023 तक नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर में निर्वाचित होकर अध्यक्ष के पद पर पदस्थ रही है। आपकी उक्त पदावधि के दौरान नगर परिषद जैतहरी में नियम विरुद्ध सामग्री क्रय करने एवं भ्रष्टाचार करने संबंधी शिकायत लोकायुक्त कार्यालय म.प्र. भोपाल में की गई, जिससे लोकायुक्त प्रकरण क्रमांक 0083/2021 विरूद्ध श्रीमती नवरत्नी विजय शुक्ला अध्यक्ष नगर परिषद, जैतहरी, सी.एम.ओ. एवं अन्य उद्भुत हुआ।

उपरोक्त प्रकरण में शिकायत की जांच संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास शहडोल, संभाग शहडोल द्वारा की जाकर जांच प्रतिवेदन प्रेषित किया गया। प्रेषित जांच प्रतिवेदन के अनुसार निम्न अनियमितताओं के लिए आप प्रथम दृष्टया उत्तरदायी प्रतीत होतो है:–

1. यह कि आपकी उक्त पदावधि के दौरान नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर में जून 2020 से जुलाई 2020 की अवधि में कुल राशि 31,85,966/– रूपये की विभिन्न स्वच्छता सामग्री यथा– सफेद फिनायल, ब्लैक फिनायल, फास्टर मलेरिया आयल, सोडियम हाइपोक्लोराइड, हार्डड्राक्साइड कैसोनिक पाउडर, डी.पी.पी. पाउडर एवं ब्लीचिंग पाउडर आदि क्रय किया जाकर भुगतान किया गया।

कोरोनाकाल में अनूपपुर जिले की अन्य नगर पालिका परिषदों/नगर परिषदों यथा– नगर पालिका परिषद– अनूपपुर, बिजुरी, कोतमा, पसान एवं नगर परिषद अमरकंटक में क्रय की गई सामग्री से तुलना करने पर पाया गया कि जिले की उक्त नगरीय निकायों में, जिनकी जनसंख्या नगर परिषद जैतहरी से तीन से चार गुना अधिक है, भी इतनी राशि स्वच्छता सामग्री पर व्यय नहीं की गई है।

जांच प्रतिवेदन अनुसार क्रय की गई सामग्री की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति आपके द्वारा प्रदान की गई है, जबकि तत्समय प्रभावशील मध्यप्रदेश नगर पालिका (लेखा एवं वित्त) नियम, 2018 के नियम 237 के अनुसार नगर परिषद अध्यक्ष को मात्र एक लाख रूपये तक की प्रशासकीय एवं वित्तीय शक्तियां प्राप्त थी। उक्त पदावधि में क्रय की गई सामग्री के सभी कार्यादेश रूपये एक लाख से अधिक के पाये गये हैं, जिससे ज्ञात होता है कि सामग्री क्रय करने में नियमों में वर्णित प्रक्रिया का खुला उल्लंघन करते हुये गंभीर अनियमितताएं की गई हैं। नगर परिषद जैतहरी जिसकी जनसंख्या 8396 के करीब है, में मात्र दो महीने की अवधि में स्वच्छता सामग्री क्रय करने में राशि रूपये 31,85,366/– व्यय की गई, जो नगर परिषद के क्षेत्र एवं आकार की तुलना में अत्यधिक है।

जांच प्रतिवेदन अनुसार क्रय की गई सामग्री नगर परिषद के स्टाक रजिस्टर में दर्ज होना पाया गया है, किन्तु सामग्री का उपयोग कहां–कहां किया गया है, इसका कोई अभिलेख संधारण नहीं पाया गया है। यही नही स्टाक रजिस्टर के अवलोकन से ज्ञात होता है कि क्रय की गई समस्त सामग्री का निर्गमन एक ही कर्मचारी श्री संजीव राठौर के नाम से किया गया है। श्री राठौर द्वारा दो महीने की अवधि में उक्त सामग्री का कहां–कहां उपयोग किया गया इसके कोई अभिलेख नगर परिषद में संधारित नहीं पाये गये, जिससे सामग्री क्रय भी संदिग्ध परिलक्षित होती है।

SANJAY YADAV/2024/SCN

इस घोटाले से शासन को आर्थिक नुकसान हुआ है। धारा 35-क के तहत उनसे नुकसान की वसूली, सेवा से बर्खास्तगी, या लोकायुक्त जांच तक की कार्रवाई हो सकती है। नोटिस में 15 दिन के अंदर जवाब मांगा गया है, वरना एकतरफा कार्रवाई होगी।

### जनता का गुस्साः ये पाप है!

जैतहरी की गलियों से लेकर सोशल मीडिया तक लोग गुस्से में हैं। स्थानीय निवासी श्यामलाल ने कहा, ÷जब हम मास्क और दवाइयों के लिए परेशान थे, तब हमारे टैक्स के पैसे लूटे जा रहे थे। ये पाप है! विपक्षी नेता और समाजसेवी इस मामले को विधानसभा तक ले जाने की तैयारी में हैं। कई संगठनों ने मांग की है कि इस घोटाले की निष्पक्ष जांच सीबीआई या किसी स्वतंत्र एजेंसी से हो। लोग पूछ रहे हैं, ÷कोरोना जैसे संकट में भी अगर जनता का पैसा सुरक्षित नहीं, तो फिर कब?

भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री एवं कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष कैलाश सिंह मरावी ने लोकायुक्त में प्रकरण दर्ज कराया था लोकायुक्त की जांच में नवरत्नी विजय शुक्ला दोषी पाई गई है

### जानकारों की राय

स्थानीय पत्रकारों का कहना है कि छोटे कस्बों में ऐसी गड़बड़ियां इसलिए होती हैं, क्योंकि वहां शासन की नजर कमजोर होती है। एक वरिष्ठ पत्रकार ने कहा, ÷बड़े शहरों पर सबका ध्यान रहता है, लेकिन छोटी परिषदों में मनमानी चलती है। इस मामले में सख्त कार्वाई जरूरी है, वरना भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा।

### अब शासन के सामने चुनौती

ये घोटाला सिर्फ जैतहरी की कहानी नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की खामियों को उजागर करता है। जब देश संकट में था, तब भी कुछ लोग अपनी जेब भरने में लगे थे। अब सवाल ये है कि क्या मध्यप्रदेश शासन इस मामले में सख्ती दिखाएगा? क्या नवरत्नी शुक्ला और उनके सहयोगियों को सजा मिलेगी, या ये मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा? जनता की नजर भोपाल पर है, और हर कोई इंसाफ का इंतजार कर रहा है

### जांच में खुला गड़बड़ियों का पिटारा

जांच कमेटी ने जब इस मामले की परतें खोलीं, तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए÷

**बेतहाशा खर्च–** शहडोल संभाग की दूसरी नगर परिषदों ने इस दौरान 8-10 लाख रुपये खर्च किए, लेकिन जैतहरी ने तीन गुना ज्यादा रकम कैसे और क्यों खर्च की इसका कोई जवाब नहीं

**कानून का उल्लंघन–**नगर परिषद अध्यक्ष को सिर्फ ?1 लाख तक की खरीदी की मंजूरी का अधिकार है। इतनी बड़ी राशि के लिए शासन से अनुमति जरूरी थी, जो ली ही नहीं गई।

**सामान का अता-पता नहीं–**लाखों की खरीदी का कोई रिकॉर्ड नहीं। सामान गया कहां? ये सवाल हर किसी के मन में है

**एक कर्मचारी पर ठीकरा–**सारी खरीदी का जिम्मा एक कर्मचारी, संजीव राठौर के नाम पर दिखाया गया। क्या एक व्यक्ति इतना माल संभाल सकता है, या ये सिर्फ कागजी हेरफेर था?

**टेंडर की अनदेखी–** न कोई निविदा निकाली गई, न ही बाजार से कोटेशन लिए गए। खरीदी पूरी तरह मनमाने ढंग से हुई।

**आखिरी सवाल–** क्या जनता का पैसा सिर्फ कागजी बिलों की भेंट चढ़ने के लिए है? क्या कोरोना जैसे संकट में भी लूट को छूट मिलेगी? अब देखना ये है कि शासन इस मामले में नजीर कायम करता है, या ये भी एक और ÷जांच चल रही है की कहानी बनकर रह जाएगा।

# सर्वे के बाद भी नहीं हटाए जा रहे अवैध कब्जे

## क्या प्रबंधन की जिम्मेदारी सिर्फ कोयला उत्पादन तक ही सीमित

**विजय मत, धनपुरी-**

एसईसीएल सोहागपुर एरिया में व्यवस्थाओं को सुधारने की दिशा में प्रबंधन के कितना ध्यान होता है असल में यह कालोनियों में देख कर ही पता चलता है कभी सोहागपुर एरिया का मेन पावर 9000 के आस पास होता था साल बीतते गए और सेवानिवृत्त होते होते आज यह संख्या 4000 के आस पास पहुंच गई है लेकिन इसके बाद भी कर्मचारियों की सुविधाओं में प्रबंधन की ओर से कोई बढ़ोतरी की जा रही है यह भी दूर दूर तक देखने को नहीं मिल रहा है अब वर्तमान समय में देखा जाए तो लगभग आधा दर्जन से भी अधिक श्रमिक कॉलोनी है और इन कालोनियों में बड़ी मात्रा में अवैध कब्जे देखे जा सकते हैं इतना ही नहीं खाली आवासों का रखरखाव न होने के कारण अब यह खंडहर का रूप लेते जा रहे हैं दूसरी तरफ अवैध कब्जे को लेकर कई बार सर्वे किया जा चुका है लेकिन इसके



बाद ही अवैध कब्जे को हटाने की दिशा में प्रबंधन की ओर से कोई कार्यवाही की जा रही हो यह भी दूर दूर तक देखने को नहीं मिल रहा है सवाल यह उठता है कि क्या अब प्रबंधन की जिम्मेदारी सिर्फ कोयला उत्पादन तक ही सीमित रह गई है कर्मचारियों की समस्याएं या फिर काली की संपत्तियों पर किए जा रहे कब्जों पर कार्यवाही को लेकर कोई ठोस प्रयास आखिर नजर क्यों नहीं आते।

बुढार ग्रुप के अंतर्गत जो श्रमिक कॉलोनी आती है यहां पर सबसे अधिक अवैध कब्जों की भरमार देखी जा सकती है यहां बैठे जिम्मेदार लोग शिकायत मिलने के बाद भी इस पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं करते जिस कारण से ही अवैध कब्जे धारियों सकते हौसले बुलंद नजर आते हैं आज अगर कालोनियों का सर्वे करा लिया जाए तो बड़ी संख्या में अवैध कब्जा धारियों की संख्या देखी जा सकती है जो कि मुफ्त में बिजली और पानी का उपयोग कर रहे हैं।

पहले तो अवैध कब्जे धारियों के द्वारा 1 ही आवास पर कब्जा किया जाता था अब तो हालात ऐसे हो गए हैं कि एक व्यक्ति हैं 2 से लेकर 3 आवासों तक में कब्जा कर रखा है कैंप नंबर 1 कॉलोनियों में तो हालात इस तरह के हैं कि नए निर्माण तक करा दिए गए हैं और कार्यवाही को लेकर आज तक प्रबंधन की ओर से ध्यान नहीं दिया गया संजय नगर कॉलोनी में अगर देखा जाए तो यहां पर अवैध कब्जों की भरमार तो है लेकिन जो आवास खाली पड़े हैं रखरखाव न होने के कारण वह धीरे-धीरे खंडार का रूप लेते जा रहे हैं आखिर इन समस्याओं के समाधान को

# नवनिर्मित लैब के सामने लगा रहता है कचरे का ढेर,ओवरफ्लो पानी भी बनी बड़ी समस्या



**विजय मत, धनपुरी**

एसईसीएल सोहागपुर एरिया का महाप्रबंधक कार्यालय जो कि बाहर से भव्य नजर आता है करोड़ों रुपए खर्च कर पूरे कार्यालय की तस्वीर तो बदल दी गई लेकिन कार्यालय के अंदर जिस तरह की समस्याएं हैं उसे लेकर कई सवाल भी उठ रहे हैं लाखों रुपए की लागत से जिस लैब रूम का निर्माण कराया गया है उसके ठीक सामने कचरे का ढेर लगा रहता है ऐसे में सवाल इस बात को लेकर उठना है कि जब महाप्रबंधक कार्यालय में ही इस तरह की तस्वीर नजर आए तो फिर बेहतर व्यवस्थाओं की उम्मीद कैसे की जा सकती है इतना ही नहीं जब यहां पर पानी ओवरफ्लो हो जाता है तो कार्यालय के सामने से ही पानी बहता हुआ नजर आता है और पूरे समय यह पानी यहीं पर भर भी रहता है जिस कारण से कार्यालय आने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परेशान होना पड़ता है वैसे अगर देखा जाए तो इस समस्या को लेकर कई बार सिविल विभाग का ध्यान आकर्षित कराया गया लेकिन इसके बाद भी समस्या समाधान को लेकर कोई प्रयास किया जा रहा हो ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है।

आज जिस तरह से शाम के समय पर लैव रूम के सामने कचरे का ढेर लगा हुआ था उसे लेकर सवाल इस बात को उठना है कि आखिर इस यहां पर एकत्र क्यों कर दिया जाता है इसी तरह जो ओवरफ्लो का पानी बह रहा है उसके सुधार की दिशा में भी कोई ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है आज पूरे महाप्रबंधक कार्यालय में देखा जाए तो सिविल विभाग के द्वारा सभी कार्यालय का निर्माण कराया गया व्यवस्थाओं को बेहतर करने की दिशा में भी ध्यान दिया गया लेकिन छोटी-छोटी समस्याएं अभी भी यहां पर परेशानी का कारण बनी हुई है उसे दिशा में कोई ठोस प्रयास किया जा रहा है ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है।

# विराट नारी सेवा संस्थान ने मदद के लिए बढ़ाया अपना हाथ



**विजय मत, शहडोल**

जैसा कि ज्ञात है हमारे बीच से शहडोल के पत्रकार नीलेश द्विवेदी (पचगांव) की बीते दिनों बीमारी के दौरान मृत्यु हो गई थी, चूंकि विराट नगरी के सभी सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का हृदय विराट है अक्सर जरूरत के समय सभी दूसरे पीड़ित साथियों की मदद के लिए हर संभव मदद को पहली पंक्ति में खड़ा रहा है।आज एक बार फिर विराट नारी सेवा संस्थान द्वारा रविवार को यथासंभव मदद कि किसी कारण से प्रिया बिटिया की शादी में आर्थिक अवरोध उत्पन्न हो गया है,जिसमें हम सभी को मिलकर जिम्मेदारी उठानी होगी।।

उक्त मामले में जो भी सहयोग हम करना चाहते हैं स्वर्गीय नीलेश द्विवेदी की पुत्री नैना द्विवेदी के अकाउंट में क्यूं आर के माध्यम से आर्थिक सहयोग की साथ ही कुछ गिफ्ट और कैश अमाउंट खुद जाकर प्रिया की माता को भेंट किया गया।संस्था की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ नूतन सिंह, अध्यक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा गोस्वामी,उपाध्यक्ष श्रीमती गीता मिश्रा एवं श्रीमती पुष्पा सिंह शामिल रहीं।

### आतंकवाद के खिलाफ सफल कूटनीति के विभिन्न आयामों से विद्यार्थियों को परिचित कराया

शहडोल। पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के एम.ए. तथा बी.ए.के विद्यार्थियों ने पहलगांव में हुए आतंकी हमले के प्रत्युत्तर में भारत द्वारा किए गए ÷ऑपरेशन सिंदूर ÷पर एक अंतर्कक्षा गोष्ठी का आयोजन किया;जिसमें एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र सिद्धांत शर्मा,हर्षित शर्मा ,आबिद खान, आयुष रौतेल, मधुलिका मिश्रा बीए द्वितीय वर्ष से कुनाल रजक, उदित शर्मा,खुशी शर्मा बीए तृतीय वर्ष से सूरज सिंह,राहुल महरा,अंजली सिंह बीए प्रथम वर्ष से बसंत प्रजापति ,महेश साहू आदि ने अपने विचार रखें। विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफ़ेसर गीता सराफ, विभागाध्यक्ष डॉ. चेतना सिंह एवं डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने ऑपरेशन सिंदूर के राजनयिक ,सामरिक पक्षों पर प्रकाश डाला व भारत की आतंकवाद के खिलाफ सफल कूटनीति के विभिन्न आयामों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। कार्यक्रम का संचालन श्री संजय दास पनिका एवं सुश्री प्रिंसी सिन्हा के द्वारा किया गया।

# जिले में विभागीय नीतियों, नियम एवं रैम्प योजना से अवगत कराने हेतु

**विजय मत, शहडोल**

जिले में विभागीय नीतियों, नियम एवं रैम्प योजना से अवगत कराने हेतु गुरुवार को कलेक्टर डॉ केदार सिंह की उपस्थिति में होटल विजय श्री, न्यू बस स्टैण्ड, शहडोल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि नवीन उद्योगों की स्थापना के लिए युवा वर्ग आगे आए। रोजगार की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता, अधोसंरचना, विकास भूमि की उपलब्धता तथा उत्पाद के विपणन की जवाबदारी सरकार उठा रही है। प्रदेश सरकार शासन की विभिन्न योजनाओं से उद्योग स्थापित करने के लिए अवसर उपलब्ध करा रही है।

मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति के तहत प्राप्त निवेस पर 15 प्रतिशत की सहायता तथा महिला अजा. एवं अजजा को 18 प्रतिशत की सहायता। लीज रेन्टल सहायता अधिकतम 5 हजार रूपये प्रतिमा, पेटेंट सहायता पेटेंट हेतु रु. 5 लाख तक, आयोजन में सहभागिता हेतु सहायता 75 प्रतिशत का प्रावधान है। उत्पाद आधारित स्टार्टअप हेतु विशेष सहायता के रूप में प्रशिक्षण व्यय प्रतिपूर्ति-प्रति नवीन कर्मचारी रूपए 13000 तीन वर्षों के लिये, रोजगार सृजन अनुदान नवीन कर्मचारियों को रूपए 5000 प्रति कर्मचारी प्रति माह सहायता, विद्युत शुल्क पर छूट - 3 वर्ष के लिये, विद्युत टैरिफ में रियायत 3 वर्षों हेतु 5 रूपये प्रति यूनिट है। इक्यूबेटर हेतु सहायता के तहत स्टार्टअप को वित्तीय सहायता मिलने पर रू. 5 लाख कार्यक्रम के लिए रू. 5 लाख प्रति आयोजन क्षमता विस्तार हेतु रु. 5 लाख की एक मुश्त सहायता । यंत्र-संयंत्र में 10 करोड़ रूपये तक के निवेश पर उद्योग विकास अनुदान 40प्रतिशत, अजा, अजजा, महिला 48प्रतिशत, निर्यातक इकाई को अधिकतम अतिरिक्त अनुदान 12प्रतिशत, गुणवत्ता प्रमाणीकरण हेतु रु. 5 लाख तक ऊर्जा लेखा परीक्षा हेतु रू. 5 लाख तक की सहायता,पेटेण्ट- आईपीआर पंजीयन हेतु रु. 5 लाख तक की सहायता, ईटीपी स्थापना हेतु सहायता अधिकतम रू. 25 लाख, औद्योगिक परिसर तक अधोसंरचना विकास हेतु अधिकतम रू. 25 लाख,
यंत्र-संयंत्र में रु. 10 करोड़ से अधिक एवं रु.50 करोड़ तक का निवेश की सुविधा है। यंत्र-संयंत्र में निवेश का 40प्रतिशत तक एमएसएमई को उद्योग विकास अनुदान, निवेश प्रोत्साहन योजना। पेटेण्ट-आईपीआर पंजीयन हेतु रु. 5 लाख तक की सहायता, ईटीपी स्थापना हेतु सहायता अधिकतम रू. 1 करोड़, औद्योगिक परिसर तक अधोसंरचना विकास हेतु अधिकतम रू. 3 करोड़ का प्रावधान है। कार्यशाला में एमपी एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025, एमपी एमएसएमई लैण्ड रूल 2025, एमपी स्टार्ट अप पालिसी 2025, एलईएएन, आईपीआर एवं जेड ई डी स्कीम आदि के सम्बंध में श्री आर0 एस0 डाबर, संयुक्त संचालक उद्योग, परिक्षेत्रीय उद्योग कार्यालय, रीवा, म0प्र0 लघु उद्योग निगम, इंदौर के प्रतिनिधि के द्वारा सेशनवार अवगत कराया गया।कार्यशाला में अग्रणी जिला प्रबंधक अमित चौरसिया, प्राचार्य आई. टी.आई. एवं पालिटेक्निक कॉलेज, शहडोल के प्रतिनिधि, एनआरएलएम विभाग, उद्यानिकी विभाग, अन्य पिछडा वर्ग विभाग, आदवासी वित्त विकास निगम शामिल रहे।

**कार्यवाही**

## अजय कौशिक के साथ कंपनी के सहायक उप निरीक्षक के साथ विद्युत कर्मियों ने संयुक्त कार्रवाई की

# रीजनल वर्कशॉप द्वारा अवैध कनेक्शन हटाए जाने को लेकर की गई ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई

**विजय मत, धनपुरी**

लगातार समाचार पत्रों में प्रमुखता के साथ दैनिक विजयमत में अवैध विधुत कनेक्शन से कंपनी को हो रही श्रति के संबंध में ध्यान आकर्षण किया गया था। सोहागपुर के महा प्रबंधक पी श्री कृष्णा के निर्देश पर रीजनल वर्कशॉप के वरिष्ठ प्रबंधक एवं प्रभारी डॉक्टर एम ए एच सिद्दीकी की अगुवाई में रीजनल वर्कशॉप के इंजीनियर अजय द्विवेदी ,प्रबंधक कार्मिक आर पी राम के साथ विद्युत पर्यवेक्षक पंकज पाठक ,विद्युत फोरमैन बीजू सैमुअल ,विद्युत कार अर्जुन महोबिया के साथ सुरक्षा दस्ता जिसमें प्रमुख रूप से एस आई एस एफ के सब इंस्पेक्टर नागेश्वर सिंह परिहार, हेड कांस्टेबल कैलाश रजक , गनमैन अजय कौशिक के साथ कंपनी के सहायक उप निरीक्षक समीम बी एवं कमल सिंह के साथ विद्युत कर्मियों ने संयुक्त कार्रवाई की।

कार्यवाही अत्यंत गोपनीय रखी गई थी लेकिन रीजनल वर्कशॉप के सामने विद्युत कर्मियों के ट्रक, साथ कई वाहन सुरक्षा दस्ता को देखकर कुछ लोगों ने मुखबरी कर दी ,जिसके कारण कई लोगों ने अपने अवैध विद्युत कनेक्शन को हटा लिए।

दस्ता ने सबसे पहले चीफ हाउस के आलमगंज



में छापा डाला जहां लोगों ने अवैध विद्युत कनेक्शन कई सौ मीटर, दूर से तार खींच कर कमर्शियल यूज किये जा रहे थे। विद्युत कर्मियों को देखकर लोग में अफरा तफरी मच गई और लोग यहां वहां भागने लगे। लेकिन सुरक्षा दस्ता एवं विद्युत कर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कई सैकड़ो विद्युत तार जप्त किया और कई लोगों में चेतावनी दी।

विदित रहे की के चीफ हाउस में अवैध कब्जाधारी लोगों का कब्जा कंपनी के क्वार्टर में है ,और कंपनी की बिजली भी और पानी का भरपूर आनंद वह ले रहे हैं। जिन प्रमुख लोगों के अवैध विद्युत कनेक्शन हटाए गए उसमें एन एस टेलर ,दिनेश डीजी लाइटिंग ,केजीएन पोल्ट्री फॉर्म, ताज साइकिल रिपेयरिंग, जेएमडी इलेक्ट्रॉनिक्स, मुन्ना जनरल स्टोर आदि के खिलाफ कार्रवाई की गई।

इसके बाद सुरक्षा दस्ता ने सुभाष स्टेडियम के बगल में छापा डाला व कई कमर्शियल यूज करने लगे अवैध विद्युत कनेक्शन को हटाया जिसमें प्रमुख रूप से कुकीज किचन, मां नर्मदा कंपलेक्स से विशाल प्रोफेशनल ब्यूटी पार्लर, सीखो भारत कार केयर वर्कशॉप, सरदारजी सर्विसिंग सेंटर, ए टू जेड शॉप ,परी टी स्टाल एंड डेली नीड्स आदि के कनेक्शन हटाए गए।

रीजनल वर्कशॉप टीम ने उसके उपरांत अमराडंडी में भी में छापा डाला यहां पाल स्टेशनरी एंड जनरल स्टोर के साथ पाल ऑनलाइन सर्विसेज और लगभग आधा सैकड़ा घरों के अवैध कनेक्शन को हटाया और लोगों को चेतावनी दी।

इस कार्रवाई में रीजनल वर्कशॉप ने कड़ा रूख अपनाते हुए शक्ति के साथ लोगों के कनेक्शन कांटे और कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

इस टीम में विद्युत कर्मी के रूप में भानु दहिया, जितेंद्र साहू ,राम भजन केवट, शिवकुमार सिंह, इंद्रजीत पटेल सचिन बर्मन ,संजय वर्मा ,दुर्गा सिंह आदि शामिल रहे।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# फौज के साथ यह धर्मनिरपेक्ष भारत की भी जीत है

**एल.एस. हरदेनिया**

जब से भारत आजाद हुआ है तब से पाकिस्तान ने चार बार हमारे ऊपर युद्ध थोपा है। सबसे पहले 1947 में पाकिस्तान ने कश्मीर को हथियाने की कोशिश की। पाकिस्तान ने यह कोशिश सीधे फौजियों को भेजकर नहीं की थी बल्कि तथाकथित आदिवासियों के माध्यम से यह काम किया था। अंग्रेजों ने जब भारत से अपना कब्जा हटाया तो तय किया था कि जहाँ अंग्रेजों का सीधा राज्य था वहाँ पर सत्ता कांग्रेस को सौंपी जाएगी। इसी तरह से जो मुस्लिम-बहुल क्षेत्र थे उनका शासन जिन्ना के नेतृत्व वाली मुस्लिम लीग को सौंपा गया था। लगभग सभी राजा-रजवाड़ों ने भारत में या पाकिस्तान में शामिल होने का फैसला कर लिया। परन्तु कश्मीर के महाराज हरि सिंह ने स्वतंत्र रहने का फैसला किया। उन्होंने फैसला किया कि ना तो वह भारत में शामिल होंगे और ना ही पाकिस्तान में। परन्तु उनके इस फैसले का कश्मीर की जनता ने विरोध किया और मुस्लिम बहुसंख्यक राज्य होने के बावजूद सर्वमान्य नेता शेख अब्दुल्ला और वहां की जनता ने भारत में शामिल होने का फैसला किया। इस फैसले के बावजूद पाकिस्तान ने आक्रमण कर जम्मू और कश्मीर को पाकिस्तान में शामिल करने का प्रयास किया परंतु उन्हें सफलता नहीं मिली और अंततः कश्मीर का विलय भारत में हुआ।

"इसके बाद पाकिस्तान ने 1965 में पुनः भारत पर युद्ध थोपा, परंतु उसे सफलता नहीं मिली और लालबहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान पर विजय हासिल की। युद्ध खत्म होने के बाद सोवियत संघ के नेताओं की पहल पर रूस के शहर ताशकंद में समझौता वार्ताएँ हुईं, परंतु दुर्भाग्यवश वार्ताओं के दौरान ताशकंद में लालबहादुर शास्त्री की आकस्मिक मृत्यु हो गईं। इसके बाद 1971 में फिर पाकिस्तान ने हम पर युद्ध लाद दिया। पाकिस्तान के दो हिस्से थे। एक कहलाता था पश्चिमी पाकिस्तान और दूसरा कहलाता था पूर्वी पाकिस्तान। पूर्वी पाकिस्तान में बंगाल का आधा हिस्सा शामिल किया गया।"



परंतु आज़ाद होने के बाद पाकिस्तान ने बांग्लादेश के नागरिकों पर उर्दू लादने की कोशिश की। इसका वहाँ की जनता ने जबरदस्त विरोध किया। मुस्लिम होने के बावजूद बंगाल की जनता बंगला भाषा को अपनी भाषा मानते थे। बंगला भाषा ना सिर्फ वहां की बोलचाल की भाषा थी वरन वहां के प्रशासन और व्यापार में भी बंगला भाषा का उपयोग होता था। इस दरम्यान पाकिस्तान में चुनाव हुआ और चुनाव में बहुमत बंगाल की अवामी लीग को मिला। परंतु पश्चिमी पाकिस्तान के नेताओं ने अवामी लीग को सत्ता नहीं सौंपी। इस फैसले के विरोध में बांग्लादेश में विद्रोह हो गया। लगभग सभी निवासियों ने पाकिस्तान के नेताओं के फैसले को अमान्य किया। पाकिस्तान ने अपना फैसला मनवाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए। सेना के माध्यम से जबरदस्त जुल्म किया गया। शेख मुजिबुर रहमान समेत हजारों लोगों को जेल में डाल दिया गया। बांग्लादेश के निवासियों ने पाकिस्तान की सत्ता को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी आदेश को मानने से इंकार कर दिया। बांग्लादेश के लोगों ने मुक्ति वाहिनी नाम से विद्रोही सेना का गठन किया।

बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोगों ने पाकिस्तान की ज्यादतियों से बचने के लिए भारत में शरण ली। इतनी बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोग आए कि भारत को उनके लालन-पोषण में जबरदस्त दिक्कत होने लगी। इस तरह लगभग युद्ध भारत पर लाद दिया गया था। भारत ने मुक्ति वाहिनी को सहायता दी और एक अत्यधिक गंभीर स्थिति पैदा हो गई। उस समय हमारे देश की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी थीं। उन्होंने बड़े साहस से इस स्थिति का मुकाबला किया। उस समय पूरी दुनिया दो भागों में बंटी हुई थी। एक भाग का नेतृत्व अमरीका कर रहा था और दूसरे भाग का नेतृत्व समाजवादी राष्ट्र सोवियत संघ कर रहा था। प्रारंभ से ही अमरीका के नेतृत्व वाले राष्ट्र जिन्हें पश्चिमी राष्ट्र कहा जाता था पाकिस्तान के मददगार रहे। उन्हें पाकिस्तान की सहायता की आवश्यकता थी क्योंकि पाकिस्तान की सीमा सोवियत संघ से मिलती थी। इसलिए ये पश्चिमी राष्ट्र पाकिस्तान की हर प्रकार की सहायता करते थे। इसके विपरीत सोवियत संघ जहां समाजवादी प्रगतिशील व्यवस्था थी भारत का साथ देता था। 1971 के युद्ध के पूर्व भारत ने सोवियत संघ से एक बीस वर्षीय संधि की। इस संधि के अनुसार यदि सोवियत संघ पर हमला होता है तो भारत उसकी मदद करेगा और भारत पर यदि हमला होता है तो सोवियत संघ उसकी मदद करेगा। इस स्थिति के होते हुए भी बांग्लादेश और भारत में इस स्थिति का क्या प्रभाव पड़ रहा है यह बताने के लिए श्रीमती गांधी दुनिया के अनेक देशों में गईं। जिन देशों में वे गईं उनमें अमरीका भी शामिल था।

अमरीका में उस समय रिचर्ड निक्सन राष्ट्रपति थे। श्रीमती गांधी उनसे मिलीं। निक्सन से उनकी मुलाकात वाईट हाउस के लॉन में हो रही थी। उस समय जो मौसम था वह अत्यधिक सुहावना था। निक्सन ने इस बात का उल्लेख वार्ता के दौरान किया। इस पर श्रीमती गांधी ने कहा कि मैं हज़ारों मील से मौसम की तारीफ सुनने नहीं आई हूँ। खैर वार्ता से कुछ खास उपलब्धि नहीं हुई। अंततः हमें युद्ध लड़ना पड़ा। युद्ध में हमारी जीत निश्चित हुई। अमरीका ने हर संभव सहायता पाकिस्तान को दी। अमरीका ने अपना सातवां बेड़ा (स्द्ग1द्गठ्ठद्ध स्द्वद्गद्गह्ल) भेजा। इसके जवाब में सोवियत संघ ने भी धमकी दी की हम इस संबंध में भारत की सहायता करेंगे इसलिए अमरीका को मजबूर होकर सातवें बेड़े का मुंह मोड़ना पड़ा। युद्ध लगभग समाप्त हो गया। श्रीमती गांधी ने यह युद्ध फौजों के सहारे ही नहीं बल्कि देश की जनता से प्राप्त अद्भुत समर्थन से भी लड़ा और यहां तक कि उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें दुर्गा माता कहा।

भारी संख्या में पाकिस्तानी फौजों ने आत्मसमर्पण किया। युद्ध की समाप्ति के बाद शिमला में भारत और पाकिस्तान के बीच समझौता वार्ताएं हुईं। पाकिस्तान की तरफ से जुल्फिक़ार अली भुट्टो जो वहां के प्रधानमंत्री थे इन वार्ताओं में शामिल हुए। वार्ताएं लगभग असफल रहीं। वार्ताओं के अंत में शिष्टाचार के चलते श्रीमती गांधी श्री भुट्टो से मिलने गईं। उस समय श्री भुट्टो के साथ उनकी बेटी बेनज़ीर भुट्टो भी थीं। बेनज़ीर की आयु उस समय 16 साल थी। जुल्फिक़ार अली भुट्टो के जीवन में बेनज़ीर की वही भूमिका थी जो पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन में इंदिरा गांधी की थी। भुट्टो का इंतजार किया जा रहा था तो बेनज़ीर ने अपने पापा से कहा कि भारत में अभी प्रजातंत्र है, पाकिस्तान में भी प्रजातंत्र है। यदि हम दोनों राष्ट्रों के प्रतिनिधि कुछ हासिल नहीं कर पाए तो यह इतिहास पर काला धब्बा होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# पाक को बेनकाब करेंगे सभी दलों के सांसद

भारत सरकार ने सात सांसदों के एक दल का गठन किया है। इसमें सभी महत्वपूर्ण दलों के सांसदों को जगह दी गई है। 7 सांसद सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल के रूप में अमेरिका, यूके, यूएई, दक्षिण अफ्रीका, जापान और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का दौरा करेंगे। विदेश यात्रा के दौरान यह प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद से किस तरह का मुकाबला भारत कर रहा है इसकी जानकारी दुनिया के देशों को देंगे। पाकिस्तान किस तरह से आतंकवादियों का पोषण कर रहा है। पाकिस्तान खुद आतंकी देश के रूप में कार्य कर रहा है। यह प्रतिनिधिमंडल विदेश में जाकर पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करेगा। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर क्यों किया गया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत केवल आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया है। इसकी जानकारी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल एकजुटता के साथ देगा। मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों में पहली बार सांसदों को विदेश दौरे पर भेजा जा रहा है। भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू इस प्रतिनिधि मंडल को ऑर्गेनाइज कर रहे हैं। जल्द ही यह प्रतिनिधिमंडल विदेश का दौरा करके भारत का पक्ष रखने का काम करेगा।

मोदी सरकार का कोई भी निर्णय बिना विवाद के पूरा नहीं होता है। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कांग्रेस पार्टी से चार सांसदों के नाम मांगे थे। उनमें से एक नाम केंद्र सरकार को चुनना था। कांग्रेस ने जो चार नाम भेजे उसमें कांग्रेस के सांसद शशि थरूर का नाम नहीं था। कांग्रेस की ओर से आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार का नाम भेजा था। केंद्र सरकार ने उनमें से किसी सांसद को ना भेज कर अपनी ओर से शशि थरूर को प्रतिनिधि मंडल में शामिल कर दिया। शशि थरूर को लेकर यह माना जा रहा है कि वह जल्द ही भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। हाल ही में उन्होंने केरल के एक प्रोग्राम में प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा किया था।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# नारी शक्ति : प्रेरणा से लेकर परिवर्तन की अगुआ तक

**सोनम लववंशी**

भारतीय समाज में जब भी नारी सशक्तिकरण की बात होती है, तो उसे अक्सर सामाजिक अधिकारों, शिक्षा या स्वास्थ्य से जोड़ा जाता है। लेकिन असल शक्ति तब दिखाई देती है जब महिलाएं उन क्षेत्रों में आगे बढ़ती हैं, जिन्हें अब तक पुरुष-प्रधान समझा जाता रहा है। भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना ये तीनों सेनाएँ अब उस बदलाव का गवाह बन चुकी हैं जहाँ महिला अधिकारी न केवल वर्दी पहनती हैं, बल्कि उसका गौरव भी बढ़ा रही हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह आज भारतीय नारी शक्ति के ऐसे ही दो उज्ज्वल प्रतीक हैं, जिन्होंने देश, समाज और आने वाली पीढ़ियों को यह विश्वास दिलाया है कि महिलाएं नेतृत्व करने में भी किसी से कम नहीं। लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी ने वर्ष 2016 में इतिहास रचा, जब उन्होंने बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास फोर्स 18 में भारतीय दल की अगुवाई की। 18 देशों की सेनाओं के बीच भारतीय टुकड़ी की कमान किसी महिला अधिकारी को सौंपना अपने आप में इस बात का संकेत था कि सेना अब योग्यता को लिंग से ऊपर मान रही है। सिग्नल कोर की अधिकारी होने के नाते, उनका कार्य रणनीतिक संचार व्यवस्था को संभालना था। ये एक ऐसा क्षेत्र है, जो सेना के लिए रीढ़ की हड्डी जैसा होता है। इससे पहले भी वे संयुक्त राष्ट्र के कांगो मिशन में सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में सेवा दे चुकी हैं, जहाँ उन्होंने युद्ध प्रभावित इलाकों में मानवीय प्रयासों के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। उनका कद सिर्फ एक सैन्य अधिकारी के तौर पर नहीं, बल्कि एक आदर्श के रूप में स्थापित हुआ है।

"दूसरी ओर, हाल के घटनाक्रम में विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने देश के समक्ष नारी नेतृत्व की एक नई मिसाल पेश की। 7 मई 2025 को उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में आधिकारिक मीडिया ब्रीफिंग की, जो 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में अंजाम दिया गया था। उन्होंने पूरी सटीकता और संयम के साथ बताया कि किस प्रकार भारतीय वायुसेना ने निशाना साधते हुए सीमापार स्थित नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया, वह भी बिना किसी नागरिक क्षति के। यह नेतृत्व का वही रूप है जो शक्ति के साथ संवेदनशीलता को भी साथ लेकर चलता है।"



दूसरी ओर, हाल के घटनाक्रम में विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने देश के समक्ष नारी नेतृत्व की एक नई मिसाल पेश की। 7 मई 2025 को उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में आधिकारिक मीडिया ब्रीफिंग की, जो 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में अंजाम दिया गया था। उन्होंने पूरी सटीकता और संयम के साथ बताया कि किस प्रकार भारतीय वायुसेना ने निशाना साधते हुए सीमापार स्थित नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया, वह भी बिना किसी नागरिक क्षति के। यह नेतृत्व का वही रूप है जो शक्ति के साथ संवेदनशीलता को भी साथ लेकर चलता है। पारंपरिक सोच को चुनौती देता है और एक नई सोच को जन्म देता है। ये घटनाएँ सिर्फ दो महिलाओं की व्यक्तिगत उपलब्धियाँ नहीं हैं। यह एक बड़ा सामाजिक परिवर्तन है जो धीरे-धीरे हमारे संस्थानों की सोच में उतर रहा है। सेना जैसे अनुशासित और कठोर ढांचे में महिलाओं की स्वीकार्यता और नेतृत्व की भूमिका उस बुनियादी मानसिकता को चुनौती देती है, जहाँ शक्ति का मतलब सिर्फ बाहुबल समझा जाता था। सोफिया और व्योमिका जैसी महिलाएं दिखाती हैं कि अब शक्ति का अर्थ संवेदना, रणनीति और साहस का संतुलन है।

महिला सशक्तिकरण सिर्फ आरक्षण या अवसर का सवाल नहीं है। असली सशक्तिकरण तब होता है जब एक महिला को देश की सीमाओं की रक्षा, रणनीतिक निर्णय और राष्ट्रीय गर्व के प्रतीक मिशनों की कमान दी जाती है–बिना संकोच, बिना शंका। जब कोई युवती इन नामों को पढ़ती है, तो उसे यह महसूस होता है कि सेना अब सिर्फ पुरुषों की बपौती नहीं रही। यह वही क्षण होता है जब सपनों को पंख मिलते हैं। ऐसे में आज जरूरत है कि इस सोच को और व्यापक बनाया जाए। महिलाओं की भागीदारी केवल सैन्य क्षेत्र तक सीमित न रहे, बल्कि हर उस मंच पर हो जहाँ निर्णय लिए जाते हैं, जहाँ नीति बनती है, जहाँ भविष्य की दिशा तय होती है और जब यह बदलाव सशस्त्र बल जैसे संस्थानों में संभव है, तो बाकी क्षेत्रों में भी इसे संभव बनाना कोई सपना नहीं, बल्कि संकल्प होना चाहिए।

लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की कहानियाँ यही कहती हैं कि अब नारी शक्ति केवल घर की चौखट तक सीमित नहीं, वह रणभूमि से लेकर रणनीति तक हर मोर्चे पर सक्षम है। उनकी उड़ान हमें याद दिलाती है कि सशक्त नारी सिर्फ प्रेरणा नहीं, परिवर्तन की अगुआ होती है। इतना ही नहीं अब नारी शक्ति किसी विशेष अवसर की मोहताज नहीं, वह हर समय, हर स्थान पर अपनी ऊर्जा और संवेदना से राष्ट्र को मजबूती देती है। जब एक महिला बंदूक उठाती है, तो उसमें सिर्फ सुरक्षा नहीं, संवेदनशीलता भी होती है। जब वह हेलमेट पहनती है, तो उसमें सिर्फ हिम्मत नहीं, जिम्मेदारी की गंभीरता भी होती है। यह दौर अब सिर्फ पुरुषों का नहीं, बल्कि पुरुषों और महिलाओं के साझे कंधों पर टिके भारत का है। वह भारत जो युद्धभूमि से लेकर अंतरिक्ष तक, गांव की पंचायत से लेकर ग्लोबल मंच तक, नारी की उपस्थिति को स्वीकार नहीं, आत्मसात कर रहा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# "लाडली बहना योजना नहीं, सशक्त भाई-बहनों का निर्माण चाहिए"

**हेमंत मोराने**

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाडली बहना योजना का उद्देश्य भले ही महिलाओं को आर्थिक सहयोग देना हो, लेकिन क्या यह वास्तव में उन बहनों को आत्मनिर्भर बना रहा है? हर माह 1250 रुपए की यह राशि न तो किसी महिला की आर्थिक स्थिति को स्थायी रूप से सुधार सकती है, न ही उसे आत्मनिर्भरता की ओर ले जा सकती है। यह एक तात्कालिक राहत ज़रूर हो सकती है, लेकिन स्थायी समाधान से कोसों दूर है। सोचिए, यदि हर माह यह पैसा बहनों के बजाय उनके भाइयों या घर के एक सदस्य को एक सम्मानजनक नौकरी देकर दिया जाए, तो वह न केवल बहन की बल्कि पूरे परिवार की रीढ़ बन सकता है। एक आउटसोर्स कर्मचारी, जो महीने के 5 से 10 हजार रुपए में खप रहा है, अगर उसी को पर्याप्त वेतन और स्थायित्व मिल जाए, तो वह बहन को महीने में हजारों रुपए सहयोग कर सकता है–वह भी बिना किसी सरकारी लोन या स्कीम के। मध्यप्रदेश की वर्तमान व्यवस्था में हजारों युवा आउटसोर्सिंग के जाल में फंसे हुए हैं। सरकारी विभागों, कॉलेजों, अस्पतालों और पंचायत कार्यालयों में कार्यरत ये युवा जनभागीदारी, संविदा, और ठेका व्यवस्था के अंतर्गत वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। इन्हें न सामाजिक सुरक्षा प्राप्त है, न भविष्य की गारंटी। दस-दस वर्षों से कार्यरत कर्मचारी आज भी एक स्थायी कर्मचारी की आधी सैलरी पर काम कर रहे हैं। सरकार ने जिन पदों को स्थायी रूप से भरना चाहिए था, उन्हें आउटसोर्स के नाम पर ठेकेदारों के हवाले कर दिया गया है। यह न केवल शोषण की नीति है बल्कि प्रतिभाओं का अपमान भी है। यही युवा यदि सम्मानजनक नौकरी में होते, तो न केवल बहनों की मदद करते बल्कि प्रदेश की आर्थिक रीढ़ बन सकते थे। यह मानने में कोई दोराय नहीं कि महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा ज़रूरी है। लेकिन इसके लिए सरकार को रोजगार आधारित योजना बनानी चाहिए। उदाहरणस्वरूप-महिलाओं को घरेलू उद्योगों, कुटीर शिल्प, और डिजिटल स्किल्स से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाए। उनके परिवार के किसी एक सदस्य को स्थायी और सम्मानजनक रोजगार दिया जाए। आउटसोर्सिंग को समाप्त कर नियमित भर्ती प्रक्रिया चालू की जाए। जनभागीदारी और संविदा कर्मियों को पुनः स्थायीत्व की श्रेणी में लाया जाए। मोहन सरकार से विनम्र आग्रह मुख्यमंत्री मोहन यादव से यह अपेक्षा की जाती है कि वे केवल वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश के वास्तविक विकास मॉडल की ओर देखें। हर महीने लोन लेकर बहनों को राशि देना कोई दीर्घकालिक समाधान नहीं है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8370

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | 26 | | 27 | 28 | ■ | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. जनमत-4
4. सचेत,सजग-4
7. सहयात्री,संगी-5
9. रुपया,पैसा -2
11. छोटी सवारी गाड़ी-2
12. घ्राणेंद्रिय-2
13. बेकार-3
15. झुका हुआ-2
16. बसंत काल-3
17. टिड्डा-3
18. अन्वेषण,ढूंढना-2
19. जलने की प्रक्रिया-3
21. एक विदेशी शराब-2
23. कला,हुनर-2
24. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2
25. आत्मबलिदानी-5
29. करामात-4
30. नामसूची-4

### ऊपर से नीचे

1. पूजा,प्रार्थना-4
2. मार्ग,पथ-2
3. यमराज,मृत्युदेवता-2
4. स्वच्छ-2
5. दूल्हा,वरदान-2
6. द्वेष,ईर्ष्या-4
8. तमीज,तहजीब-3
10. सेंधमार-5
11. चुगली करना-5
13. देवर्षि-3
14. रसद,खाद्य सामग्री-3
18. भयानक,डरावना-4
20. अक्षर (उर्दू-3)
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25. तेज,सत्य-2
26. ईश्वर,भगवान-2
27. रुदन,क्रंदन-2
28. मोमबत्ती(उर्दू-2)


### शब्द पहेली -8369 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ला | क | ■ | ह | म | रा | ज |
| म | ■ | ■ | म | ह | क | ■ | ■ | रु |
| ना | ■ | श | त | ■ | ला | ल | ■ | र |
| ना | म | क | र | ण | ■ | की | म | त |
| ■ | लि | ■ | ता | ■ | म | ■ | क्का | ■ |
| अ | न | ल | ■ | मा | न | क | र | ना |
| रा | ■ | हू | र | ■ | मो | ल | ■ | च |
| ज | ■ | ■ | ज | ग | ह | ■ | ■ | ना |
| क | रा | मा | त | ■ | क | ल | श | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**18 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 05.06 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मिथुन | 07.08 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.22 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.38 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 13.50 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.00 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.15 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.31 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.36 बजे से |
| | | कुंभ | 00.23 बजे से |
| | | मीन | 01.56 बजे से |
| | | मेष | 03.26 बजे से |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

**रविवार** 2025 वर्ष का 138 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी 05.58 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 18.53 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 06.43 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 05.58 बजे तदनन्तर गर 18.09 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 34'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872348
**जूलियन दिन** 2460813.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 19

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ– शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## यूज इन शॉर्ट



### उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा की

रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा कराया जाए तथा आगामी 15 जून को जिला चिकित्सालय के विस्तार भवन एवं ओपीडी का लोकार्पण कराएं। राजनिवास सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पीआईयू द्वारा पुनर्घनत्वीकरण योजनान्तर्गत 65 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन विकास कार्यों को गति देकर शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यंकट क्लब भवन तथा पीडब्ल्यूडी भवन का शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया। कोल भवन के शेष निर्माण कार्य सहित बाउन्ड्रीवाल का कार्य कराने तथा पीके स्कूल सांदीपनी विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दिसम्बर तक सांदीपनी विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा करें। उन्होंने ढेकहा तिराहा से करहिया मण्डी तक सड़क निर्माण कार्य को वर्षाकाल से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने रीवा बायपास फोरलेन के निर्माण के लिए शेष अर्जित भूमि का अधिग्रहण कर निर्माण एजेंसी को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 किलोमीटर लंबाई का बायपास सर्विस रोड के साथ फोरलेन बन रहा है। इसके कार्य में व्यवधान न हो तथा यह कार्य समय सीमा में पूर्ण हो जाए। उन्होंने लायब्रेरी भवन सहित अन्य शासकीय भवनों के रूके हुए निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पालए आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनव ?ए राजेश पाण्डेय सहित विभिन्न निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कोतमा पुलिस का अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी, दो आरोपी गिरफ्तार, शराब जब्त

कोतमा ।कोतमा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने जगह-जगह छापेमारी कर बड़ी मात्रा में शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने सुमित केवट (19) पुत्र दीपक जीवनानी उर्फ दिलजले के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब जब्त की, जिसकी कीमत लगभग 900 रुपये बताई गई है। आरोपी शराब को जरीकेन में छुपाकर रखे हुए था। इस मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34ए के तहत केस दर्ज किया गया है।वहीं दूसरी कार्रवाई में बंसीधर गुप्ता (58) को एलआईसी के पीछे अवैध शराब बिक्री की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से भी अवैध शराब बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारीयों ने बताया कि ऐसे अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी और बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर - नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ



रीवा। खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे.छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है। संभागीय कृषि अभियांत्रिकी विभाग सतना में सुपर सीडर उपलब्ध है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को सुपर सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। सुपर सीडर सामान्य तौर पर एक घण्टे में एक एक ? क्षेत्र में नरवाई नष्ट करने के साथ बुवाई कर देता है। गेंहू के बाद जिन क्षेत्रों में मूंग की खेती की जाती है वहाँ भी सुपर सीडर बहुत उपयोगी है।

### उप मुख्यमंत्री ने पतंजलि जिला प्रमुख रामाधार विश्वकर्मा के स्वास्थ्य की ली जानकारी

रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल संजय गांधी अस्पताल पहुंचकर पतंजलि जिला प्रमुख रामाधार विश्वकर्मा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को श्री विश्वकर्मा के समुचित उपचार के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने इसके बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं तथा अन्य मरीजों के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। इस अवसर पर डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल तथा अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

---

**हत्या की आशंका पर हाईवे जाम, ढाबे में मारपीट के बाद शव फेंके जाने का आरोप, ढाबा सील, तीन कर्मचारी हिरासत में**

# किसान पेट्रोल पंप के पास व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी

**विजय मत, अनूपपुर**

कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 स्थित किसान पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार देर रात एक व्यक्ति का शव संदिग्ध हालात में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान हंसराज महरा (45), निवासी बुढानपुर के रूप में हुई है। शरीर पर चोटों के निशान मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

### ढाबे में मारपीट के बाद पेट्रोल पंप के पास फेंका शव?

परिजनों ने आरोप लगाया है कि पास ही स्थित एक ढाबे में हंसराज के साथ मारपीट की गई और गंभीर रूप से घायल करने के बाद उसे बाहर फेंक दिया गया। मृतक का मोबाइल फोन बोरी में लपेटकर घटनास्थल से दूर फेंक दिया गया था। परिजनों का कहना है कि जब वे जानकारी लेने पहुंचे, तो ढाबे में मौजूद लोगों ने कोई जानकारी नहीं दी।





### हाईवे पर भड़का आक्रोश, सैकड़ों लोग उतरे सड़क पर

शनिवार दोपहर आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने नेशनल हाईवे 43 को केसवाही तिराहे के पास जाम कर दिया। लोगों ने हत्या की एफआईआर दर्ज करने, सीसीटीवी फुटेज की जांच, और जिम्मेदारों की गिरफ्तारी की मांग की।

### प्रशासन ने ढाबा सील कर तीन को लिया हिरासत में

सूचना पर एसडीएम अजीत तिर्की, तहसीलदार ईश्वर प्रधान, एसडीओपी आरती शाक्य समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को समझाइश दी। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ढाबे को सील कर तीन कर्मचारियों को हिरासत में लिया है। फिलहाल प्रमुख संदिग्ध फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### जांच जारी, माहौल तनावपूर्ण

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इलाके में तनाव बना हुआ है, हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में बताया है। मामले की जांच गहनता से की जा रही है।

---

# दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भव्य भंडारा, देर शाम तक चला प्रसाद वितरण

**कोतमा बाबा महाकाल एवं बागेश्वर धाम समिति के आयोजन में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब**

**विजय मत, कोतमा**

शनिवार को कोतमा बाबा महाकाल एवं बागेश्वर धाम समिति कोतमा द्वारा स्टेशन चौक स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे पूजा-पाठ के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में दिनभर भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



### विधिवत पूजा के बाद शुरू हुआ प्रसाद वितरण

मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। आयोजकों द्वारा विधि-विधान से हनुमानजी की पूजा-अर्चना की गई, जिसके उपरांत भंडारा शुरू हुआ। प्रसाद वितरण का यह सिलसिला देर शाम तक अनवरत जारी रहा। श्रद्धालुओं ने दर्शन के पश्चात प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की।

### जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

भक्तों की टोली ÷जय श्री राम÷ और ÷बजरंगबली की जय÷ के जयकारे लगाते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाती रही। मंदिर परिसर में श्रद्धा और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला।

### आयोजन में दिखा उत्साह और समर्पण

आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों और स्थानीय स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही। व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

---

### बिना बताए घर से लापता हुआ 17 वर्षीय किशोर

बिजुरी । बिजुरी थाना अंतर्गत एक 17 वर्षीय किशोर के घर से अचानक लापता हो जाने पर परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई है। इस मामले में परिजन गेंदलाल की शिकायत पर थाने में धारा 137(2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।परिजनों के अनुसार किशोर बिना कुछ बताए घर से निकल गया था। पहले परिजनों ने उसकी खोजबीन अपने स्तर पर की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला, तो थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।पुलिस का कहना है कि हर पहलू पर जांच जारी है और जल्द ही किशोर का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। घटना के बाद परिजन चिंतित हैं और किशोर की सकुशल वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।

---

### उप मुख्यमंत्री ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज को ज्ञानपीठ पुरस्कार-2023 से सम्मानित किए जाने पर दी बधाई




**विजय मत, रीवा**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा पूज्य संत, पद्मविभूषित जगद्गुरु तुलसीपीठाधीश्वरए रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज को संस्कृत भाषा और साहित्य के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान हेतु प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार. 2023 से सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें आत्मीय बधाई दी है। उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य का संपूर्ण जीवन त्याग, तपस्या, विद्वता और करुणा का अनुपम संगम है। उन्होंने शारीरिक सीमाओं के बावजूद ज्ञान,संस्कृति और संस्कृत साहित्य के संवर्धन हेतु जो कार्य किया है, वह समूचे विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका यह सम्मान वास्तव में उस सनातन चेतना का सम्मान है, जो भारत की आत्मा में प्रवाहित होती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संस्कृत भाषा और दर्शन को जन.जन तक पहुँचाने के लिए जगद्गुरु ने जो अनथक साधना की है, वह एक युगद्रष्टा संत की पहचान है।

---

### जिले में शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिये लगेंगे शिविर

अनूपपुर। जिले में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सेवा पुस्तिका का 02 प्रतियों में नस्ती सहित संधारण किया जाएगा। जिसमें नामिनी दर्ज कराने एवं संयुक्त फोटो सेवा पुस्तिका में लगाने, परिवार सूची अद्यतन करने तथा नियुक्ति क्रमोन्नति, पदोन्नति, योग्यता, समयमान वेतनमान, आधार कार्ड, पैनकार्ड, समग्र आई.डी. अद्यतन करने की कार्यवाही की जाएगी एवं चिकित्सा अवकाश, संतान पालन अवकाश, अर्जित अवकाश आदि का लेखा संधारण किया जाएगा। शिविर के दौरान क्रमोन्नति वेतनमान, समयमान वेतनमान, वेतनवृद्धि, वेतन निर्धारण, वसूली निर्धारण से संबंधित अभ्यावेदनों का निराकरण किया जाएगा। साथ ही पेंशनरों व अन्य के लंबित प्रकरणों से संबंधित अभ्यावेदनों का निराकरण तथा 31 मार्च 2025 की स्थिति में समस्त लोक सेवकों का गोपनीय चरित्रावली का संधारण किया जाएगा।18 मई को विद्यालय स्तर पर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। 19 मई को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अनूपपुर में विद्यालय स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार 20, 21 एवं 22 मई को विद्यालय स्तर पर लंबित समस्याओं के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। 23 मई से 27 मई तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अनूपपुर में प्राप्त आवेदनों/समस्याओं के निराकरण हेतु अंतिम शिविर का आयोजन किया जाएगा।

---

# ग्राम पंचायत सेमरा में भ्रष्टाचार का बम


**मिठाई की दुकान के बिल पर हुआ LED लाइट का भुगतान! 4 लाख के LED लाइट घोटाले में निकली मिठाई की दुकान की पोल**

**विजय मत, अनूपपुर**

### पंचायत में हुआ धांधली का खुलासा

जिले की जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा एक बार फिर चर्चा में है, और इस बार वजह है, पंचायत में हुआ चौंकाने वाला भ्रष्टाचार, जिसने शासन की नीतियों और नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा दी हैं। दरअसल, पंचायत में पंचम राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत 4 लाख 24 हजार रुपए की लागत से एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने की स्वीकृति दी गई थी। यह कार्य ऊर्जा विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुसार पूरे ग्राम के विभिन्न वार्डों में किया जाना था। लेकिन पंचायत सचिव ने इस योजना में गड़बड़ी करते हुए न सिर्फ नियमों को दरकिनार किया, बल्कि भुगतान के लिए जो बिल प्रस्तुत किया, वह किसी मिष्ठान्न भंडार (मिठाई की दुकान) का था!




### जीएसटी लागू, फिर भी टीआईएन नंबर से भुगतान?

भारत में 1 जुलाई 2017 से जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू हो चुका है, जिसके बाद ञ्ढ्ढह नंबर की वैधता समाप्त हो गई थी। बावजूद इसके पंचायत दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध विवरण के अनुसार एलईडी लाइट सप्लाई करने वाले दुकानदार का ञ्ढ्ढह नंबर दर्ज है, जो कि वर्तमान कर प्रणाली में असंगत है। इससे भी बड़ी चौंकाने वाली बात यह है कि जिन दस्तावेजों में इलेक्ट्रॉनिक सामान की जानकारी होनी चाहिए। उसमें मिष्ठान्न भंडार का बिल लगाया गया है। यह सीधा-सीधा दर्शाता है, कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए शासकीय राशि का गबन किया गया है।

### वारंटी अवधि में खराब हुई लाइट, नहीं दी गई कोई सूचना

पंचायत द्वारा जो एलईडी लाइट लगाई गई, वे स्थापना से पहले ही खराब पाई गईं। एलईडी लाइट आमतौर पर वारंटी अवधि के अंतर्गत आती हैं, जिन्हें खराब होने पर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के बदला जा सकता है। मगर, सचिव द्वारा न तो सप्लायर को कोई नोटिस दिया गया और न ही इन लाइटों को बदला गया। यह स्पष्ट संकेत है कि सचिव द्वारा न केवल नियमों की अनदेखी की गई, बल्कि जनता के टैक्स के पैसे से भ्रष्टाचार का खेल भी खेला गया।

### अब सवाल यह उठता है

क्या ऐसे मामलों पर जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा ? क्या जनता के टैक्स का पैसा इसी तरह जुगाड़ और फर्जी बिलों में बर्बाद होता रहेगा ? और आखिर कब तक पंचायतों में ऐसे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाएगी ? यह मामला केवल एक पंचायत तक सीमित नहीं, बल्कि सिस्टम की खामियों और जवाबदेही की कमी को भी उजागर करता है। अब जरूरत है सख्त जांच और दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की।

### इनका कहना है

17-18 स्ट्रीट लाइटें आई थीं, जिनमें से तीन रिप्लेसमेंट के लिए भेजी गई थीं। काफी दिन हो गए हैं, लेकिन वे अभी तक वापस नहीं आईं।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत सेमरा**

---

**सम्मान** — **नारों से गूंजा नगर, मंडला जिले की जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह, मंत्री बोले– जनता की सेवा ही मेरा संकल्प**

# पालक मंत्री बनाए जाने पर दिलीप जैसवाल का बिजुरी में भव्य स्वागत

**विजय मत, बिजुरी**

मध्यप्रदेश शासन में मंत्री एवं कोतमा विधायक दिलीप जैसवाल को मंडला जिले का पालक मंत्री बनाए जाने पर शनिवार को बिजुरी नगर में उनका भव्य स्वागत किया गया। नगर में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं, आम जनमानस और युवाओं ने भारी उत्साह के साथ जोरदार नारेबाजी और आतिशबाजी कर उनका अभिनंदन किया।

### भाजपा मंडल और युवा मोर्चा ने किया स्वागत

भाजपा बिजुरी मंडल अध्यक्ष रिंकू शर्मा और युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मंत्री का स्वागत किया। ÷स्वतंत्र प्रभार मंत्री जिंदाबाद÷ और ÷डॉ. मोहन यादव सरकार अमर रहे÷ के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री जैसवाल ने सभी नव नियुक्त मंडल पदाधिकारियों को माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं।






### तीसरी बड़ी जिम्मेदारी, जनचर्चा में बढ़ता कद

डॉ. मोहन यादव सरकार में मंत्री दिलीप जैसवाल को यह तीसरी बड़ी प्रशासनिक जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्वतंत्र प्रभार मंत्री और सीधी जिले के प्रभारी मंत्री के बाद अब मंडला जिले का प्रभार मिलने से उनके राजनीतिक कद में लगातार वृद्धि हो रही है। क्षेत्र में जनचर्चा है कि मंत्री लगातार मेहनत और जनसेवा में सक्रिय रहते हैं, जिससे विकास की गति बनी हुई है।इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक शर्मा, पुरुषोत्तम देवानी, शंभू साहू, विनोद नामदेव, राजकुमार पांडे, छोटे सिंह, नितेश मित्तल, शिव जायसवाल, सतीश शर्मा, कैलाश कोल, डॉ. सरकार, पार्षद मोहम्मद हुसैन, सरस्वती स्कूल संचालक के.के. शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मंत्री ने जताया आभार

अपने स्वागत से अभिभूत मंत्री दिलीप जैसवाल ने कहा कि, प्रदेश और क्षेत्र का सतत विकास ही मेरा संकल्प है। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हम जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएंगे।

## न्यूज इन शॉर्ट

### एथलीट चोपड़ा की उपलब्धि से देश हुआ गौरवान्वित: मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत के गोल्डन बॉय, एथलीट नीरज चोपड़ा को दोहा डायमंड लीग-2025 में अद्भुत प्रदर्शन के लिए बधाई दी। नीरज चोपड़ा ने इतिहास रचते हुए 90.23 मीटर तक भाला फेंक कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नीरज चोपड़ा की इस उपलब्धि से पूरा देश गौरवान्वित है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर माँ भारती का मान बढ़ाया। चोपड़ा भारत के इकलौते एथलीट हैं, जिन्होंने भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में 90 मीटर का लेवल पार किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से नीरज के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### इंदौर में 20 मई को कैबिनेट बैठक, राजवाड़ा में पर्यटकों की रोक, तीन दिन के लिए बंद

**इंदौर।** इंदौर का दिल कहे जाने वाले राजवाड़ा पैलेस में 20 मई को प्रदेश सरकार बैठक करने जा रही है। अलग-अलग विभाग इसकी तैयारियों में जुट गए है। राजवाड़ा के गणेश हॉल में बैठक होगी। वहां की रंगाई-पुताई,फर्श की सफाई की जा रही है। कैबिनेट बैठक के बाद पैलेस के खुले हिस्से में भोजन की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए डोम भी बनाया जाएगा। अब बैठक में तीन दिन शेष है। इस कारण राजवाड़ा पैलेस को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। अब राजवाड़ा पैलेस पर्यटकों के लिए 20 मई के बाद ही खुलेगा। यहां हर दिन शाम को लाइट एंड साउंड शो भी आयोजित किया जाता है। वह भी फिलहाल बंद रहेगा। शनिवार को कैबिनेट बैठक की तैयारियों के मद्देनजर अफसरों ने राजवाड़ा पैलेस और उद्यान का दौरा भी किया। संभावित बारिश के मद्देनजर भी व्यवस्थाएं जुटाने के लिए कहा गया है। पहला मौका है जब शहर में कैबिनेट बैठक होने जा रही है। इससे पहले इंदौर जिले के उज्जैनी में नर्मदा-शिप्रा संगम स्थल पर बैठक आयोजित की गई थी। देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती के मौके पर राजवाड़ा के पैलेस में बैठक करने का फैसला लिया गया है। इंदौर में कैबिनेट बैठक दोपहर 12 बजे होगी।

### यूपीएससी की तैयारी के लिए समर कोर्स 10 जून से, 12वीं पास स्टूडेंट्स के लिए स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में पहली बार होगा आयोजन

**भोपाल।** स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी एक अनूठी पहल करते हुए पहली बार 12वीं पास स्टूडेंट्स के लिए निःशुल्क यूपीएससी समर कोर्स का आयोजन कर रही है। यह 6 दिवसीय ऑफलाइन कोर्स 10 जून से 15 जून तक लाइब्रेरी परिसर में आयोजित होगा। इसमें यूपीएससी की तैयारी के बारे में स्टूडेंट्स को जानकारी दी जाएगी। लाइब्रेरी के प्रबंधक यतीश भटेले ने बताया कि वर्तमान में स्कूली विद्यार्थियों में यूपीएससी को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है, लेकिन मार्गदर्शन की कमी के कारण वे भ्रमित रहते हैं। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह विशेष कोर्स तैयार किया गया है। यह कोर्स पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा और इसमें केवल 50 सीटें रखी गई हैं। इस समर कोर्स का उद्देश्य छात्रों को यूपीएससी की तैयारी की सही रणनीति सिखाना, विषय चयन में मार्गदर्शन देना, और आत्म विकास के लिए आवश्यक स्किल्स विकसित करना है। कोर्स का संचालन सिविल सर्विसेज क्लब के सहयोग से किया जाएगा, जिसमें वरिष्ठ यूपीएससी रणनीतिकार लक्ष्मी शरण मिश्रा और उनकी टीम के 5 अनुभवी एक्सपट्र्स विद्यार्थियों को ट्रेनिंग देंगे। बता दें कि इस कोर्स में वे स्टूडेंट्स हिस्सा ले सकते हैं जो इस वर्ष 12वीं में अध्ययनरत हैं या 12वीं की परीक्षा दे चुके हैं।

### एमसीयू में एडमिशन की लास्ट डेट बढ़ी, शुरू होंगे 1 साल के पीजी कोर्स, 16 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब विद्यार्थी 16 जून 2025 तक विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सों में एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। एमसीयू प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है किसीयूईटी-पीजी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट - पोस्ट ग्रेजुएट) देने वाले छात्र भी विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे उन छात्रों को फायदा होगा जो पहले आवेदन नहीं कर सके थे। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप 4 वर्षीय स्नातक डिग्री धारकों के लिए एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी इस सत्र से शुरू किया जा रहा है। यह देश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन की दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है।

### डिजाइनिंग और लेआउट पर जताई नाराजगी, सुधार के दिए निर्देश

# हर हफ्ते दें निर्माण कार्य प्रगति की प्रोग्रेस रिपोर्ट: विश्वास सारंग

**विजय मत, भोपाल**

खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में खेल और युवा कल्याण की बैठक में नाथू बरखेड़ा में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के कार्य के प्रगति की समीक्षा की। मंत्री सारंग ने फेज-II में हो रहे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य की डिजाइनिंग और ले-आउट में और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने चिन्हित मल्टीलेवल पार्किंग के स्थान पर एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक बनाने एवं ओपन पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हर हफ्ते निर्माण कार्य प्रगति की प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में खेल संचालक राकेश कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव, कांट्रेक्टर, कंसल्टेंट, आर्किटेक्ट, इंजीनियर्स, प्रोजेक्ट मैनेजर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



*स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मूलभूत सुविधाओं को करें सुनिश्चित...* मंत्री सारंग ने जल आपूर्ति एवं भंडारण की क्षमता, सीवेज, फायर सेफ्टी, सर्वर रुम, कैफेटेरिया, मीटिंग हॉल एवं साइनेज की व्यवस्था का प्रॉपर प्लॉन तैयार कर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री सारंग ने कहा कि सभी बुनियादी सुविधाएं विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जा सकें इसके लिए विस्तृत प्लान भी तैयार किया जा रहा है।

#### डिजाइनिंग और ले-आउट में सुधार के बाद करें निर्माण कार्य

मंत्री सारंग ने कहा कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के फेज-ढ्ढ एवं फेज-II में चल रहे निर्माण कार्य की डिजाइन और ले-आउट में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शीघ्र ही सभी आवश्यक सुधार के बाद तय समय-सीमा में निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### फेज-II में हो रहा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य

फेज-I में एथलेटिक्स स्टेडियम, हॉकी स्टेडियम, एथलेटिक्स प्रैक्टिस फील्ड एवं हॉकी प्रैक्टिस फील्ड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। फेज-II में मल्टी स्पोर्ट्स इंडोर स्टेडियम, एक्वाटिक्स सेंटर, फुटबाल हाई परफार्मेंस सेंटर, स्टॉफ एवं स्टुडेंट्स रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स एवं थ्री-डे प्रैक्टिस एंड इक्वेस्ट्रियन ट्रैक का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### प्लान तैयार करके बताएं, सीएमएचओ और सिविल सर्जन को दिए निर्देश

# सिंधिया ने शिवपुरी के जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, मरीजों से की बातचीत

**विजय मत, ब्यूरो, शिवपुरी**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने शिवपुरी भ्रमण के दौरान शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचकर विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं संसाधनों को लेकर चर्चा की, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर किया जा सके।



#### केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक मरीज के साथ एक या दो अटेंडर ही रहे

अपने निरीक्षण के दौरान सिंधिया ने कहा कि कुछ समय पहले से जिला अस्पताल में पास सिस्टम प्रारंभ करने से चोरी की घटनाएं कम हुई हैं और सुरक्षात्मक वातावरण बढ़ा है। सिंधिया ने कहा कि जिला अस्पताल में इस नई व्यवस्था से अनावश्यक भीड़ नियंत्रित हुई है। केंद्रीय मंत्री ने अपनी निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल प्रबंधन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में भर्ती होने वाले एक मरीज के साथ एक या दो अटेंडर ही रहे। ऐसी व्यवस्था निर्मित करें।

#### नई बिल्डिंग का प्रस्ताव बनाएं

अपने निरीक्षण के दौरान सिंधिया ने अधिकारियों से कहा कि अस्पताल के लिए नई बिल्डिंग की जरूरत है उसका प्लान तैयार करें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिला अस्पताल के सभी चिकित्सकों द्वारा बेहतर काम किया जा रहा है। इसी प्रकार काम करते रहें।

#### सिविल सर्जन और सीएमएचओ प्लान तैयार कर बताएं


अपने दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री से सिंधिया ने कहा कि जिला अस्पताल में जिन संसाधनों की आवश्यकता है उसका प्लान तैयार करके कल तक बताएं। सिंधिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में ऐसे क्रिटिकल एरिया जहां पूरे समय समय बिजली की आवश्यकता है ऐसे स्थान चिन्हित करके आवश्यक रूप से जनरेटर की व्यवस्था की जाए।

#### मल्टी स्किल्ड वर्कर ग्रुप डी के 62 पद स्वीकृत हैं परंतु एक भी पद भरा नहीं है: सिविल सर्जन

केंद्रीय मंत्री सिंधिया को निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ यादव ने बताया कि 1958 में इस चिकित्सालय की शुरुआत हुई और धीरे धीरे सुविधाओं का विस्तार हुआ है। आज सीसीटीवी कैमरा से 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। पानी के लिए नए वॉटर कूलर लगाए गए हैं। नए 32 एसी लगे हैं। अटेंडर के लिए सिटिंग एरिया बढ़ाया गया है। महिलाओं की निजता को ध्यान रखते हुए 12 ब्रेस्ट फीडिंग कॉर्नर बने हैं।निशुल्क दवा वितरण केंद्र का विस्तारीकरण, नवीन आयुष्मान सेंटर,रोगी कल्याण समिति आदि की कार्यप्रणाली पर चर्चा की।नवाचार के तहत आंतरिक परिवहन में ई रिक्शा का उपयोग किया जा रहा है जिससे सामग्री को पहुंचाया जाता है। सिविल सर्जन ने कहा कि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चिकित्सालय की क्षमता को 400 बिस्तर से बढ़ाकर 600 विस्तरीय किया जाए। मल्टी स्किल्ड वर्कर ग्रुप डी के 62 पद स्वीकृत हैं परंतु एक भी पद भरा नहीं है। सिंधिया ने उक्त बातों को सुनने के बाद कहा कि आवश्यक सभी इंतजाम किए जाएंगे।

### मध्य प्रदेश में आज दो तरह का रहेगा मौसम, आंधी-बारिश के साथ चलेगी लू

#### 20 तक ऐसा ही रहेगा मौसम



**विजय मत, भोपाल**

मध्य प्रदेश में दो तरह के मौसम देखने क्यों मिल रहे हैं। जहां एक तरफ कई जिलों आंधी बारिश देखने को मिल रही है वहीं प्रदेश का तापमान 45 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। शनिवार को भी भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत 39 शहरों में आंधी और बारिश का अलर्ट है, जबकि 3 जिले- रीवा, मऊगंज और उमरिया में रातें गर्म रहेंगी। इससे पहले शुक्रवार को ग्वालियर, खजुराहो और नौगांव में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। अगले 4 दिन यानी, 20 मई तक आंधी-बारिश के साथ लू भी चलेगी।

#### इन जिलों में बारिश का अलर्ट

जिन जिलों में बारिश होने और आंधी चलने का अलर्ट है, उनमें भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, भिंड, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, सिंगरौली शामिल हैं। यहां 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है।

#### चार सिस्टम की एक्टिविटी

मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, प्रदेश में 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक ट्रर्फ की एक्टिविटी है। इस वजह से बारिश और आंधी चल रही है। बारिश के साथ गर्मी का असर भी देखने को मिलेगा। इसके लिए अलर्ट जारी किया है।

*45 डिग्री के पार पहुंच दिन का पारा... मध्यप्रदेश में शुक्रवार को गर्मी के तेवर भी देखने को मिलें। एक बार फिर दिन का तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच गया। छतरपुर जिला सबसे गर्म रहा। यहां के खजुराहो में पारा सबसे ज्यादा 45.8 डिग्री पहुंच गया। ग्वालियर और नौगांव में भी 45 डिग्री दर्ज किया गया। इस सीजन में पहली बार तापमान इतना पहुंचा। इसी तरह सतना में 44.1 डिग्री, गुना, शिवपुरी-टीकमगढ़ में 44 डिग्री, रीवा में 43.6 डिग्री, सीधी में 42.4 डिग्री, दमोह में 41.5 डिग्री, उमरिया में 40.5 डिग्री, सागर में 40.2 डिग्री और रायसेन में 40 डिग्री रहा। पांच बड़े शहरों में ग्वालियर के बाद जबलपुर सबसे गर्म रहा।*

### मिशन कर्मयोगी अंतर्गत कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की क्षमता इकाई का गठन

**विजय मत, भोपाल**

राज्य शासन द्वारा मिशन कर्मयोगी अंतर्गत कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की क्षमता इकाई का गठन किया गया है। प्रमुख सचिव कुटीर एवं ग्रामो?द्योग अमित कुमार राठौर को अध्यक्ष एवं आयुक्त हाथकरघा एवं हस्तशिल्प तथा प्रबंध संचालक संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम मदन कुमार नागरगोजे को सदस्य सचिव बनाया गया है।

मालसिंह भयडिया प्रबंध संचालक म.प्र. खादी तथा ग्रामो?द्योग बोर्ड तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र. माटीकला बोर्ड, मोहित बुंदस आयुक्त रेशम संचालनालय, अरुण कुमार सिंह उप सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग, जी.एस. आर्य अवर सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग को सदस्य बनाया गया है। मिशन कर्मयोगी, एक सरकारी पहल है, जिसका उद्देश्य सिविल सेवकों को राष्ट्र की सेवा के लिए बेहतर तैयार करना है। यह सिविल सेवा में सुधार के लिए एक व्यापक योजना है। मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी के माध्यम से सिविल सेवकों को एक आदर्श कर्मयोगी के रूप में विकसित करना है। मिशन कर्मयोगी, सार्वजनिक सेवा में सुधार के लिए एक व्यापक योजना है, जिसमें कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग भी शामिल है। यह मिशन ग्रामीण विकास के लिए आवश्यक सुधारों को लागू करने में मदद करता है।

मिशन कर्मयोगी के माध्यम से सिविल सेवकों को प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के कार्यों को बेहतर ढंग से समझ सकें और उन्हें लागू कर सकें। मिशन कर्मयोगी, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के कर्मचारियों की क्षमता विकसित करने और विभाग में सुधारों को लागू करने में मदद करता है, जिससे सार्वजनिक सेवा अधिक प्रभावी और कुशल हो सके।

### जल संसाधन मंत्री सिलावट ने भारत रत्न डॉ. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अनावरण किया

**भोपाल।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने शनिवार को भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अनावरण जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय, चंबल-बेतवा कछार, भोपाल के प्रांगण में किया। इस अवसर पर प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा सहित विभाग के अभियंताओं और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. विश्वेश्वरैया के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला गया। डॉ. विश्वेश्वरैया भारत के महान सपूत और अभियांत्रिकी क्षेत्र के महापुरूष थे, जिन्होंने कृष्णराज सागर बांध, स्वचालित फ्लड गेट सिस्टम और भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) की स्थापना जैसे कार्यों से देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया। उनकी अनुशासित जीवनशैली और समय ही धन है÷ का सिद्धांत आज भी प्रेरणा देता है।

### मंत्री शाह और डिप्टी सीएम के बयान को लेकर पूर्व सैनिकों ने जताया विरोध, सड़कों पर उतरने की दी चेतावनी

**विजय मत, भोपाल**

मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह और डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के बयान को लेकर कांग्रेस लगातार विरोध दर्ज कर रही है। इसी कड़ी में अब भूतपूर्व सैनिक भी उतर आए हैं। पीसीसी में शनिवार को कांग्रेस सैनिक प्रकोष्ठ ने मंत्री विजय शाह और डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के बयानों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय सेना किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति की नहीं, बल्कि संविधान और राष्ट्र की सेवा करती है। सेना किसी नेता के चरणों में नतमस्तक नहीं होती, बल्कि वह सिर्फ भारत माता के प्रति समर्पित रहती है। बतौर पूर्व सैनिक हमें सेना के अपमान ने बहुत आघात पहुंचाया है। अगर नेताओं के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं होगी, तो देशभर के पूर्व सैनिक सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की तोड़ मरोड़कर बयान पेश करने की दलील गलत है।



मेजर श्याम सुंदर ने कहा कि इस विवादित बयान पर अभी तक सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने कहा कि जब हमारी सेना देश की रक्षा में जान तक देने को तैयार है, तो फिर उसके सम्मान पर चोट करने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती? अगर सरकार ने समय पर कार्रवाई की होती, तो सैनिकों का मनोबल बना रहता। लेकिन इस चुप्पी से जवानों में दुख और आक्रोश है। मेजर श्याम सुंदर ने कहा कि यह मामला अब सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं रहा, बल्कि यह साफ दर्शाता है कि वोट बैंक की राजनीति में अब सेना को भी खींचा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सेना देश के लिए नतमस्तक होती है, न कि किसी पार्टी के लिए। राजनीति में सीमा का ध्यान रखना चाहिए।

### बोर्ड एग्जाम में फेल हुए तो नो टेंशन पास होने के लिए मिलेंगे तीन और मौके

**विजय मत, भोपाल**

एमपी बोर्ड की परीक्षाओं में अगर कोई फेल होता है तो उसे टेंशन लेने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि उसे पास होने के लिए तीन और मौके मिल सकते हैं। इसलिए बोर्ड परीक्षाओं में फेल होने वाले छात्र इस बार भी सरकार की इस व्यवस्था का लाभ उठा सकते हैं। राज्य ओपन बोर्ड के संचालक पीआर तिवारी का कहना है कि 10वीं और 12वीं की परीक्ष में असफल स्टूडेंट को बोर्ड मौका देता है। मंडल की परीक्षा के रिजल्ट के तुरंत बाद जून में इसका आयोजन हो रहा है। शेड्यूल जारी हो चुका है। इसमें भी पास न हुए तो स्टूडेंट को बोर्ड एक और मौका देगा।

स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि बच्चे निराश न हों और उनका कीमती वक्त और पूरा साल खराब न हो, इसके लिए वे तीन और मौकों का फायदा उठा सकते हैं जानकारी के अनुसार एक मौका माध्यमिक शिक्षा मंडल देगा जबकि दो मौके राज्य ओपन बोर्ड के माध्यम से स्टूडेंट को लेना होंगे। यानि कुल चार अवसर मिलेंगे। बोर्ड परीक्षा का दूसरा मौका इस साल से शुरू करने जा रहा है, जबकि राज्य ओपन पहले से ही ऐसे स्टूडेंट के लिए परीक्षा आयोजित करवा रहा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि एक स्टूडेंट को एक साल में पास होने के लिए चार मौके देने वाला मप्र देश का पहला राज्य होगा। दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में माध्यमिक शिक्षा ने इस बार प्रक्रिया में बदलाव किया है। सप्लीमेंट्री खत्म कर मंडल दो परीक्षा का आयोजन करेगा। पहली परीक्षा में फेल होने पर दूसरा मौका रहेगा। पहली बार में स्टूडेंट अगर पास नहीं हो पाया तो उसे दूसरा मौका मिलेगा। इसमें श्रेणी में सुधार करने वाले भी शामिल हो सकेंगे।

**खास-खबर** उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा की

# समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

**विजय मत, भोपाल**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा कराया जाए। आगामी 15 जून को जिला चिकित्सालय के विस्तार भवन एवं ओपीडी का संचालन शुरू किया जाए। राजनिवास सर्किट हाउस रीवा में समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पीआईयू द्वारा पुनर्घनत्वीकरण योजनान्तर्गत 65 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन विकास कार्यों को गति देकर शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने व्यंकट क्लब भवन और पीडब्ल्यूडी भवन का शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया। उन्होंने कोल भवन की बाउन्ड्रीवाल सहित शेष निर्माण कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। पीके स्कूल सांदीपनी विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा की और दिसम्बर माह तक सांदीपनी विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ढेकहा तिराहा से करहिया मण्डी तक सड़क निर्माण कार्य को वर्षाकाल से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा बायपास फोर लेन के निर्माण के लिए शेष अर्जित भूमि का अधिग्रहण कर निर्माण एजेंसी को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 किलोमीटर लंबाई का बायपास सर्विस रोड के साथ फोरलेन बन रहा है। इसके कार्य में व्यवधान न हो तथा यह कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो जाए। उप मुख्यमंत्री ने लायब्रेरी भवन सहित अन्य शासकीय भवनों के रूके हुए निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े सहित विभिन्न निर्माण विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### व्यापमं पीएमटी घोटाला

### सीबीआई कोर्ट ने 10 दोषियों को सुनाई 3 साल की कैद, 16 हजार जुर्माना भी लगाया

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल की विशेष सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को बहुचर्चित व्यापमं पीएमटी (मेडिकल प्रवेश परीक्षा) घोटाले में बड़ा फैसला सुनाते हुए 10 दोषियों को तीन-तीन साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने इन सभी दोषियों पर कुल 16,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में वर्ष 2009 की एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा से जुड़ा है, जिसमें फर्जी अभ्यर्थियों और सॉल्वरों की मदद से एडमिशन दिलाने का षड्यंत्र रचा गया था। इनमें चार उम्मीदवार विकास सिंह, कपिल पारटे, दिलीप चौहान, प्रवीण कुमार थे, जिन्होंने मेडिकल प्रवेश के लिए सॉल्वर के माध्यम से परीक्षा दी थी। पांच सॉल्वर नागेन्द्र कुमार, दिनेश शर्मा, संजीव पांडे, राकेश



शर्मा, दीपक ठाकुर ऐसे थे, जिन्होंने असली परीक्षार्थियों की जगह परीक्षा दी, जबकि एक बिचौलिया सत्येन्द्र सिंह इस पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहा था। विशेष सीबीआई न्यायाधीश (व्यापमं प्रकरण) की अदालत ने सभी आरोपियों को आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने टिप्पणी की कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे गंभीर क्षेत्र में इस तरह की धोखाधड़ी समाज के लिए खतरनाक है और इसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# जब 21 को आईपीएल खेलूंगा और मेरे नाम का स्टैंड होगा तो यह खास होगा: रोहित

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर अपने नाम के स्टैंड के उद्घाटन के बाद टीम इंडिया के बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि भारत की जर्सी में अब इस मैदान पर एक दिवसीय क्रिकेट खेलने का अनुभव खास होगा। मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम पर रोहित शर्मा, भारत के पूर्व कप्तान अजित वाडेकर और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार के नाम के स्टैंड का भी उद्घाटन किया।

7 मई को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले रोहित ने कहा कि जो आज हो रहा है, वह मैने कभी सोचा भी नहीं था।



आप कई उपलब्धियां हासिल करने की कोशिश करते हैं लेकिन यह कुछ खास है क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम अलग है और यहां कई यादें जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यहां खेल के दिग्गजों और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ राजनेता के बीच मेरा नाम होना, मैं अपने जज्बात व्यक्त नहीं कर सकता। मैं बहुत आभारी हूं।

पिछले साल भारत को विश्व कप दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित ने कहा कि मैं अभी भी खेल रहा हूं मैंने दो प्रारूप से विदा ली है। जब 21 मई को मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल खेलूंगा और मेरे नाम का स्टैंड होगा तो खास होगा। भारत के लिए यहां खेलना काफी खास होगा। उन्होंने अपने पूरे कैरियर में उनके लिये कई बलिदान देने वाले परिजनों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरा परिवार, माता पिता, भाई और पत्नी यहां है। उन्होंने मेरे लिए जो भी कुर्बानियां दी है, मैं उनका भी आभारी हूं। पवार साहेब और सीएम देवेंद्र फड़नवीस को भी धन्यवाद जिन्होंने इस दिन को खास बनाया। इस मौके पर सीएम फणवीस ने कहा कि एमसीए अगर नया स्टेडियम बनाने के लिए प्रस्ताव भेजता है तो इसके लिए सरकार जमीन देगी।

**फुटबॉल**



ह्यूस्टन, टेक्सास, अमेरिका में थॉर्न्स एफसी फॉरवर्ड पेटन लिनेहन (15) शेल एनर्जी स्टेडियम में पहले हाफ में ह्यूस्टन डैश डिफेंडर केटी लिंड (25) के खिलाफ शॉट लगाते हुए।

# मेरा लक्ष्य अच्छी वापसी करना है: स्टोक्स

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स कहा है कि वह अपनी हैमस्ट्रिंग चोट के बाद की रिहैबिलिटेशन (पुनर्वास) प्रक्रिया से गुजर रहे है और उनका लक्ष्य तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में धमामेदार वापसी करना है। स्टोक्स दिसंबर में हुए टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए टेस्ट में हैमस्ट्रिंग में लगी चोट के बाद बाहर हो गये थे। उसके बाद से ही वह खेल से दूर हैं। इसी कारण वह इंग्लैंड के भारत दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी से भी बाहर रहे थे। स्टोक्स इसके बाद से ही फिटनेस हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। स्टोक्स ने कहा, मैं हमेशा कड़ी मेहनत करता हूं। जब मैं फिट नहीं होता हूं, तो मेरा प्रयास पहले से बेहतर फिटनेस हासिल करने का रहता है। मैंने अपने क्रिकेट से लेकर फिटनेस तक हर चीज़ पर बहुत मेहनत की है और मुझे पता है कि जब मैं इस बार मैदान पर वापसी करूंगा तो मेरी फिटनेस सबसे अच्छे स्तर की होगी। स्टोक्स पहले भी कई बार चोटिल होने के कारण खेल



से दूर रहे हैं। पिछले साल अगस्त में 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट के दौरान चोट लगने के के कारण वह श्रीलंका के खिलाफ तीन और पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चार टेस्ट मैचों से बाहर रहे थे। साल के अंत में वह न्यूजीलैंड दौरे के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे थे पर उनकी चोट फिर से उभर आई। वहीं इस बार अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में खाली समय मिलने से उन्होंने अपने रिहैब को आराम से पूरा किया है। उन्होंने कहा, मैं अभी पूरी तरह ठीक नहीं हुआ हूं, लेकिन चार महीने की इस प्रक्रिया के आखिरी चरण में हूं और इस गर्मी में मैदान पर वापसी को लेकर काफी उत्साहित हूं। भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज से पहले इंग्लैंड 22 मई को जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगा।

# प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार रखने जीटी के सामने उतरेगी दिल्ली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल 2025 में अब मुकाबले अपने अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं और हर मैच प्लेऑफ की तस्वीर को बदल सकता है। इसी कड़ी में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और गुजरात टाइटन्स (जीटी) के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में एक बेहद अहम मुकाबला खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन की शुरुआत दमदार अंदाज में की थी और पहले छह में से पांच मैच जीते थे, लेकिन फिर प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव आया। अब टीम 11 मैचों में 13 अंकों के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे अपने बाकी तीनों मैच जीतने होंगे, खासकर गुजरात जैसी मज़बूत टीम के खिलाफ। दिल्ली के लिए चिंता का सबसे बड़ा कारण उसके प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का टूर्नामेंट से बाहर हो जाना है, जिससे गेंदबाजी




इकाई पर दबाव बढ़ गया है। उनकी गैरहाजरी में तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा, मुकेश कुमार और टी नटराजन को अब अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव ने अब तक सबसे शानदार प्रदर्शन किया है, जिन्होंने 12 विकेट झटके हैं और उनकी इकॉनमी रेट 6.74 रही है। बल्लेबाजी में केएल राहुल टीम के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी साबित हुए हैं। उन्होंने अब तक 381 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142.16 का रहा है। उनके साथ अभिषेक पोरेल ने भी शीर्ष क्रम में अच्छा साथ निभाया है। अक्षर पटेल और आशुतोष शर्मा जैसे ऑलराउंडरों ने निचले क्रम में अहम योगदान दिए हैं। वहीं, गुजरात टाइटन्स इस सीजन की सबसे संतुलित और सफल टीमों में से एक रही है। टीम ने 11 में से 8 मुकाबले जीते हैं और 16 अंकों के साथ शीर्ष दो में शामिल होने के करीब है। बल्लेबाजी में शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर लगातार रन बना रहे हैं और सभी ने 500 से अधिक रन बना लिए हैं।

**दोनों टीमें इस प्रकार हैं**

**दिल्ली कैपिटल्स की संभावित प्लेइंग इलेवन**-फाफ डु प्लेसिस/करुण नायर, अभिषेक पोरेल (विकेट कीपर), केएल राहुल, समीर रिजवी, अक्षर पटेल (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स/डोनोवन फरेरा, माधव तिवारी, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा/मुस्तफिजुर रहमान, कुलदीप यादव, टी नटराजन। इंपेक्ट प्लेयर-आशुतोष शर्मा

**गुजरात टाइटन्स की संभावित प्लेइंग इलेवन**-साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेट कीपर), राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, राशिद खान, साई किशोर, अरशद खान, कागिसो रबाडा/गेराल्ड कोएत्ज़ी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा। इंपेक्ट खिलाड़ी- वाशिंगटन सुंदर।

# करुण नायर को डियर क्रिकेट ने दिया फिर से एक और मौका

## इंडिया ए स्क्वॉड में हुआ चयन

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए स्क्वॉड की घोषणा की। टीम में करुण नायर का नाम देख हर कोई खुश था। दरअसल, करुण ने 2024-25 के घरेलू सीजन में रनों की बौछार कर दी थी। जिसका इनाम उन्हें इंडिया ए के स्क्वॉड में चयन के रूप में मिला है। बता दें, इंडिया ए इंग्लैंड में तीन चार दिवसीय मैच खेलेगी, इसमें से दो मैच 30 मई से 2 जून तक कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ और 6 से 9 जून तक नॉर्थम्प्टन में खेलने है। इसके अलावा एक मैच टीम सीनियर टीम इंडिया के खिलाफ खेलेगी।

करुण ने 2016-17 के बीच भारत के लिए 6 टेस्ट और 2 वनडे खेल चुके थे। इसके बाद वे अचानक टीम से बाहर हो गए और फिर चयनकर्ताओं ने उनकी ओर मुड़कर नहीं देखा। नायर ने 2022 में पोस्ट किया था जिसने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी थी। उन्होंने लिखा था, डियर क्रिकेट, मुझे एक और मौका दो' अब दो-तीन साल



की मेहनत के बाद उन्हें टीम में मौका मिला है, तब पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने भी उनके लिए कुछ ऐसा ही पोस्ट किया है, जो पलभर में वायरल हो गया। पठान ने लिखा, करुण का इंडिया ए में चयन इसका स्पष्ट संकेत है कि डियर क्रिकेट उन्हें फिर से टीम इंडिया के लिए खेलने का एक और मौका देगा।'

इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए का स्क्वॉड में अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (वीसी) (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, इशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियन, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, रुतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे शुभमन गिल और साई सुदर्शन दूसरे मैच से पहले टीम में शामिल होने है।


## बिजनेस

### कंपनी के सीईओ ने सरकार को पत्र लिखकर दी जानकारी

# वोडा-आइडिया की सेवाएं मार्च 2026 तक हो सकती है बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आर्थिक संकट से जूझ रही वोडाफोन आइडिया ने दूरसंचार विभाग से कहा है कि समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया पर सरकार से समय पर समर्थन न मिलने की स्थिति में वह वित्तवर्ष 2025-26 से आगे परिचालन नहीं कर पाएगी। यानी कि अगर सरकार ने कंपनी की मदद नहीं की तो मार्च, 2026 के बाद इसकी सेवाएं समाप्त हो सकती हैं। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने 17 अप्रैल, 2025 को दूरसंचार विभाग को भेजे एक पत्र में खुद को नई जीवन रेखा देने की अपील करते हुए कहा था कि कोई समर्थन नहीं मिलने पर उसकी वापसी असंभव हो जाएगी। वीआईएल




के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अक्षय मूंदड़ा ने दूरसंचार सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि एजीआर पर भारत सरकार का समय पर समर्थन मिले बगैर वीआईएल वित्तवर्ष 2025-26 से आगे परिचालन नहीं कर पाएगी, क्योंकि बैंक से मदद मिलने की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है। खास बात ये है कि वीआईएल में सबसे अधिक 49 फीसदी हिस्सेदारी सरकार के पास है। स्पेक्ट्रम शुल्क और एजीआर बकाया को इक्विटी हिस्सेदारी में बदले जाने से सरकार इस कंपनी में सबसे बड़ी शेयरधारक बन चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने वोडाफोन आइडिया की एक नई याचिका की सुनवाई करने पर सहमति जताई जिसमें लगभग 30,000 करोड़ रुपये के एजीआर बकाया को माफ करने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ से वीआईएल के वकील मुकुल रोहतगी ने आग्रह किया था कि याचिका पर तत्काल सुनवाई की जरूरत है। पीठ इस याचिका पर 19 मई को सुनवाई कर सकती है।

**गोल्ड रिजर्व की वैल्यू 45 लाख डॉलर बढ़कर 86.33 अरब डॉलर हुई**

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 4.5 अरब डॉलर हुआ

**मुंबई, एजेंसी**

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9 मई को समाप्त हुए सप्ताह में 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 690.62 अरब डॉलर हो गया है। आरबीआई द्वारा हाल ही में जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई। समीक्षा अवधि में विदेशी मुद्रा भंडार के प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियों की वैल्यू 19.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 581.37 अरब डॉलर हो गई है। विदेशी मुद्रा आस्तियों में अमेरिकी डॉलर के अलावा अन्य मुख्य विदेशी मुद्राएं जैसे यूरो, पाउंड और येन शामिल होती हैं। 9 मई को समाप्त हफ्ते में गोल्ड रिजर्व की वैल्यू 45 लाख डॉलर बढ़कर 86.33 अरब डॉलर हो गई है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार की वैल्यू 2.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.53 अरब डॉलर रह गई। समीक्षाधीन हफ्ते में आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी 13.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.37 अरब डॉलर रह गई।



देश के विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी तरह की मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए को मजबूती मिलती है। इसके अतिरिक्त, भारत का निर्यात (गुड्स और सर्विसेज) अप्रैल में 12.7 प्रतिशत बढ़कर 73.80 अरब डॉलर हो गया है, जो कि पिछले साल 65.48 अरब डॉलर था। अप्रैल में भारत का गुड्स निर्यात 9.03 प्रतिशत बढ़कर 38.49 अरब डॉलर हो गया है। वहीं, सर्विस निर्यात अप्रैल में बढ़कर 35.31 अरब डॉलर हो गया है, जो कि पिछले साल अप्रैल में 30.18 अरब डॉलर था। देश का इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स का निर्यात अप्रैल में 39.51 प्रतिशत बढ़कर 3.69 अरब डॉलर हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 2.65 अरब डॉलर था। वहीं इंजीनियरिंग गुड्स के निर्यात में भी दोहरे अंक में वृद्धि हुई है। यह 11.28 प्रतिशत बढ़कर 9.51 अरब डॉलर हो गया है, जो कि बीते साल अप्रैल में 8.55 अरब डॉलर था।

# ट्रंप प्रशासन ने विदेश में भेजे जाने वाले धन पर पांच फीसदी टैक्स लगाया

- भारतीयों पर सालाना 1.6 अरब डॉलर से अधिक का पड़ सकता है बोझ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रशासन ने विदेश में भेजे जाने वाले धन पर पांच फीसदी टैक्स लगाने का फैसला लिया है, जिसका प्रभाव भारतीयों को भार पड़ेगा। इसके अनुसार अमेरिका में रहने वाले भारतीयों पर सालाना 1.6 अरब डॉलर से अधिक का बोझ पड़ सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने रेमिटेंस (धन प्रेषण) पर पांच फीसदी उत्पाद शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है, जो ग्रीन कार्ड और एच1बी वीजा रखने वाले चार करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित करेगा। यह प्रस्ताव अमेरिकी नागरिकों पर लागू नहीं होगा। आरबीआई के मार्च बुलेटिन के अनुसार विदेश में रहने वाले भारतीयों ने 2023-24 में भारत भेजी गई कुल राशि में वृद्धि दर्ज की है, जिसमें अमेरिका की हिस्सेदारी 27.7 फीसदी पहुंच गई है। इस निर्णय से भारतीयों




का परिवार के भरण-पोषण में लागत महंगी हो सकती है, जिससे सामाजिक-आर्थिक प्रभाव हो सकता है। अब अमेरिका से अधिक राशि भेजने पर भारतीय समुदाय को नए आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। विश्व बैंक के मुताबिक भारत 2008 से ही रेमिटेंस प्राप्त करने वाला शीर्ष देश बना हुआ है। वैश्विक स्तर पर धन प्रेषण में भारत की हिस्सेदारी 2001 के 11 फीसदी से बढ़कर 2024 में करीब 14 फीसदी पहुंच गई है। 2024 में जिन पांच देशों में विदेश से सबसे ज्यादा धन आया, उनमें 129 अरब डॉलर के साथ भारत शीर्ष पर रहा। अन्य देशों में मेक्सिको (68 अरब डॉलर), चीन (48 अरब डॉलर), फिलिपीन (40 अरब डॉलर) और पाकिस्तान (33 अरब डॉलर) शामिल हैं।

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में रहा उतार-चढ़ाव

- सेंसेक्स 200 अंक गिरकर 82,330.59 अंक पर बंद
- निफ्टी बैंक 42 अंक गिरकर 25,019.80 पर बंद

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में मुनाफावसूली के चलते सप्ताह भर उतार-चढ़ाव भरा कारोबार दर्ज ?किया गया। सप्ताह की शुरुआत में तेजी के साथ खुलने वाला शेयर बाजार आ?खिर में ?गिरावट के साथ बंद हुआ। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी ?दिनों पर नजर डालें तो ऑपरेशन सिंदूर के बाद चार दिन तक चले संघर्ष के थमने के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में रौनक लौटी। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को



हुए सीफफायर से निवेशकों की चिंताए कुछ हद कम हुईं, जिसका असर सोमवार को देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 2,256.91 अंक चढ़कर 81,716.13 अंकों के स्तर पर खुला और 2,975.43 अंक की बढ़त के साथ 82,429.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 705.16 अंक उछलकर 24,713.15 के स्तर पर खुला और 916.70 अंक की बढ़त के साथ 24,924.70 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को बीते दिन की बंपर उछाल खोते हुए शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 497.5 अंक गिरकर 81,932.40 अंक पर खुला और 1,281.68 अंक गिरकर 81,148.22 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 117.2 अंक गिरकर 24,807.50 अंक पर खुला और 346.35 अंक गिरकर 24,578.35 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 281.43 अंक चढ़कर 81,429.65 अंक पर खुला और 182.34 अंक की बढ़त के साथ 81,330.56 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 96.65 अंक चढ़कर 24,675 अंक पर खुला और 88.55 अंक की तेजी के साथ 24,666.90 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 254.58 अंक की गिरावट लेकर 81,075.98 पर खुला और 1,200.18 अंक उछलकर सात महीने के उच्चतम स्तर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी 64.70 अंक की गिरावट लेकर 24,602.20 पर खुला और 395.20 अंक बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 25,062.10 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में आईटी, फाइनेंशियल सर्विस और फार्मा सेक्टर में बिकवाली देखी गई।

# भारत हटा सकता है एथनॉल आयात पर प्रतिबंध

- अमेरिका अब व्यापक व्यापार समझौते पर कर रहा है विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**




सूत्रों के मुताबिक, अमेरिका ने अब भारत से एथनॉल आयात पर प्रतिबंध हटाने का अनुरोध किया है। भारत अभी एथनॉल के आयात में प्रतिबंध लगाता है और गैर ईंधन के आयात पर भारी शुल्क लगाता है। अमेरिका अब व्यापक व्यापार समझौते पर विचार कर रहा है जिससे यह शुल्क से बच सके। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के अनुसार अमेरिका ने जबरदस्त ढंग से इस मुद्दे की लॉबिंग की है। व्यापक एथनॉल उत्पादन करने में बढ़त होने के बावजूद, भारत ने अभी तक इसे अपने जल, वायु, और भूमि प्रदूषण की समस्याएं से जुड़े उपाय के तौर पर देखा है। अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका की इस लॉबिंग को ध्यान में रखना चाहिए, जो एथनॉल उत्पादन में सभी संबंधित मामलों को प्रभावित कर सकती है। अमेरिका के व्यापक एथनॉल आयात का विषय उठते हुए जानकारों का मानना है कि ऐसे निर्णयों पर विचार करने से पहले सरकार को समस्याओं का विश्वासप्राप्त समाधान ढूंढना चाहिए। एथनॉल आपूर्ति वर्ष 24-25 (नवंबर से अक्टूबर) मार्च तक तेल विपणन कंपनियां ने 9.96 अरब लीटर एथनॉल आपूर्ति आबंटित की है। इसमें से 66 प्रतिशत एथनॉल की आपूर्ति अनाज से होगी जबकि शेष गन्ने से होगी। कुछ महीनों पहले तक इन दोनों ही खाद्य उत्पादों से बराबर मात्रा में एथनॉल की मात्रा की आपूर्ति होती थी।

## न्यूज इन शॉर्ट

### पंचायत उपनिर्वाचन 31 मार्च 2025 की स्थिति में 2 सरपंच एवं 18 पंच के पद रिक्त

शहडोल। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत निर्वाचन श्रीमती अमृता गर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल जिले में 31 मार्च 2025 की स्थिति में 18 पंच एवं 2 सरपंच के पद रिक्त हैं। सरपंच के पद सोहागपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नरगी में अ.ज.ज.मुक्त तथा ब्यौहारी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चरखरी अनारक्षित मुक्त पद रिक्त हैं। जिले में पंच पद के 18 पद रिक्त हैं।जिसमें सोहागपुर जनपद पंचायत में ग्राम पंचायत जोधपुर में वार्ड क्रमांक 14 अजजा मुक्त, पोंगरी में वार्ड क्रमांक 15 अजजा. महिला, जमुई में वार्ड क्रमांक 4 अजजा. महिला, पठरा में वार्ड क्रमांक 10 अजजा. महिला, करकटी में वार्ड क्रमांक 09 अजजा मुक्त रिक्त हैं। बुढ़ार जनपद पंचायत में पंच पद कें ग्राम पंचायत पड़रिया में वार्ड क्रमांक 10 अजजा. मुक्त, वार्ड क्रमांक 08 अनारक्षित महिला, ग्राम पंचायत बिजुरी मे वार्ड क्रमाक 06 अनारक्षित मुक्त, ग्राम पंचायत जमुनिहा में वार्ड क्रमांक 03 अजा मुक्त, ग्राम पंचायत टेघा में वार्ड 04 अनारक्षित मुक्त, ग्राम पंचायत कर्रावन में वार्ड 05 अजजा मुक्त, ग्राम पचायत बहगढ़ में वार्ड 12 अजा. महिला, ग्राम पंचायत साखी में वार्ड 06 अनारक्षित महिला, ग्राम पंचायत घोरवे में वार्ड क्रमांक 08 अजजा मुक्त रिक्त हैं। जनपद पंचायत ब्योहारी में पंच पद के ग्राम पंचायत दलको कोठार के वार्ड क्रमांक 16 अजा. मुक्त, ग्राम पंचायत जगमल का वार्ड क्रमांक 15 अजजा मुक्त रिक्त हैं। तथा ग्राम पंचायत चरखरी में सरपंच का पद अनारक्षित मुक्त है।



### डेंगू दिवस के अवसर पर निकाली गई रैली, डेंगू बीमारी से बचाव की दी गई जानकारी

शहडोल। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार के मीटिंग हाल में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैली जैन,श्री हनुमान प्रसाद नामदेव जिला मलेरिया अधिकारी शहडोल, श्री शिवशंकर शुक्ला - जिला मलेरिया सलाहकार की उपस्थिति में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। साथ ही रैली निकालकर आम जनमानस को डेंगू बुखार से बचने, सप्ताह में अपने कूलर, टंकी, अनुपयोगी बर्तन में भरे हुए पानी को निकालकर पुनः सुखाकर उपयोग करने की जानकारी दी गई। जिसमें श्री रामचन्द्र चतुर्वेदी एम टी एस बुढार ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम देखें ,साफ करें, डेंगू,बुखार के नियंत्रण के उपाय करें,रोगियों की नि-शुल्क जांच एवं उपचार जिला अस्पताल शहडोल में निःशुल्क जांच एवं उपचार,लार्वा सर्वे, लार्वा विनष्टीकरण, प्रवासी मजदूरों की पहचान और जांच, ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ता के पास त्वज्ञ की उपलब्धता, नारे लेखन, डेंगू नियंत्रण हेतु प्रचार - प्रसार ,बी की आई,टेमोफास, पायरेथ्रम का उपयोग, स्थाई/अस्थाई जल स्रोतों की जानकारी एवं लार्वाभक्षी मछली का संचयन इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी गई।

# पुलिस हुई बेलगाम, ड्यूटी से देर रात घर लौट रहे डाक्टर के साथ पुलिस ने की बेरहमी से मारपीट

**विजय मत, शहडोल**

जिन दो पेशों को समाज में सबसे सम्मानजनक माना जाता है। डॉक्टर और पुलिस जब वही आमने-सामने आ जाएं, तो सवाल उठते हैं सिर्फ कानून और व्यवस्था पर नहीं, बल्कि मानवता पर भी , शहडोल जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र में बीती रात ऐसा ही एक चौंकाने वाला घटनाक्रम सामने आया, जब नाइट ड्यूटी से लौट रहे डॉक्टर और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प हो गई, जो देखते ही देखते जमकर मारपीट में बदल गई, हालांकि की डाक्टर के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद अब डाक्टर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है।

### क्या है पूरा मामला...

जिला अस्पताल में पदस्थ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कौशलेंद्र द्विवेदी शुक्रवार देर रात ड्यूटी पूरी कर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह आईटीआई के समीप अपने निवास के पास पहुंचे, वहां रात्रि गश्त कर रही सोहागपुर पुलिस टीम ने उन्हें रोक लिया और देर रात सड़क पर मौजूद होने का कारण पूछा, इसी बात को लेकर कहासुनी हुई और बात बढ़कर हाथापाई तक पहुंच गई,आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने डॉ. द्विवेदी की पत्नी और पिता के सामने ही उन्हें बेरहमी से पीटा और फिर उन्हें थाने ले जाकर भी उनकी पिटाई की गई,घायल डॉक्टर को बाद में शहडोल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस की इस हरकत से चौतरफा पुलिस के प्रति नाराजगी दिखाई दे रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि वरिष्ठ अधिकारियों से अधीनस्थ पुलिसकर्मियों में कोई भय नहीं रह गया है इसीलिए वे मनमानी पर उतर आए हैं।






### डॉक्टर की आपबीती

डॉ. द्विवेदी का कहना है कि वह सिर्फ अपना कर्तव्य निभाकर घर लौट रहे थे, जब उन्होंने पुलिस को यह बताया, तो पुलिसकर्मी उल्टा उनके साथ अभद्रता करने लगे और फिर बेवजह मारपीट पर उतर आए, डॉक्टर का आरोप है कि थाने में भी उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया तो वही डॉक्टर के परजनों ने कहा कि पुलिस द्वारा जानवरों की तरह इतना बेरहमी पूर्वक मारपीट करना क्या उचित है।

### जनता में उठे सवाल

इस घटना ने आमजन के मन में कई सवाल खड़े कर दिए है। क्या अब रात में ड्यूटी कर लौटने वाला डॉक्टर भी संदिग्ध माना जाएगा? क्या पुलिस का पूछताछ करने का तरीका अब डंडों और थप्पड़ों में बदल गया है। शहडोल की यह घटना न केवल कानून व्यवस्था के चेहरे पर सवालिया निशान लगाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि वर्दी और सेवा के बीच की रेखा धुंधली होती जा रही है। अब देखना है कि प्रशासन दोषियों के खिलाफ कितनी तत्परता से कार्रवाई करता है। या फिर यह मामला भी जांच की भूलभुलैया में गुम हो जाएगा।

### चिकित्सा समुदाय नाराज

इस घटना से नाराज़ डॉक्टरों ने जिलेभर में विरोध शुरू कर दिया है। सभी चिकित्सकों ने इस अमानवीय बर्ताव की घोर निंदा करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है। डॉक्टरों का कहना है कि अगर उन्हें सुरक्षा नहीं मिलती, तो वे हड़ताल करने को विवश होंगे। शनिवार को डॉक्टरों ने कमिश्नर और आईजी को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस हो गई बेलगाम

इस घटना से यह समझ में आ रहा है कि पुलिस बेलगाम होती जा रही है और कानून अपने हाथ में लेकर किसी के साथ भी हाथापाई पर उतर आती है। डाक्टर ने यह भी पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता की तो कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए, पुलिस को डॉक्टर के साथ मारपीट करने का अधिकार किसने दिया है, क्या पुलिस अधीक्षक या पुलिस महानिरीक्षक इस मामले को संज्ञान में लेकर निष्पक्ष कार्यवाही करेंगे।

हाल ही में गांधी चौक की एक होटल में बुढ़ार के डिप्टी जेलर के साथ भी कुछ इसी तरह की घटना हुई थी जिसमें कहा जाता है कि एक सहायक उप निरीक्षक से बहस हो जाने के कारण डिप्टी जेलर को झूठे मामले में फंसा दिया गया।

### इनका कहना है

पुलिसकर्मियों ने डॉक्टर से सिर्फ इतनी रात में सड़क पर खड़े होने का कारण पूछा था, जिस पर कथित रूप से डॉक्टर ने अभद्रता की और फिर पुलिस के साथ हाथापाई शुरू हो गई। उन्होंने स्वीकार किया कि इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट संभव है।

**रामजी श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक शहडोल**

## पुलिस द्वारा 05 वर्ष की नाबलिग बालिका से दुष्कर्म का अपचारी बालक गिरफ्तार

**विजय मत, शहडोल**

थाना बुढ़ार क्षेत्र में एक 05 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई। बालिका की माँ द्वारा गुरूवार कोथाना बुढ़ार में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया गया कि मोहल्ले में रहने वाले एक 16 वर्षीय किशोर ने बच्ची को बहला.फुसलाकर घर की छत पर ले जाकर उसके साथ गलत कार्य किया।

रिपोर्ट पर थाना बुढ़ार पुलिस ने गंभीरता से तत्काल दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट की धाराओं के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपी अपचारी किशोर की पहचान कर उसे 17 मई 2025 को गिरफ्तार कर बाल न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। शहडोल पुलिस द्वारा प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है और पीड़ित परिवार को हरसंभव न्याय दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

### सट्टा पट्टी सहित दो गिरफ्तार

शहडोल। थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि टैक्सी स्टैंड इमामबाडा के पास में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर धनपुरी पुलिस द्वारा सूचना स्थान में घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी अच्छेलाल सेन पिता रामजियावान उर्फ मुसईया सेन उम्र 47 वर्ष कच्छी मोहल्ला धनपुरी थाना धनपुरी आरोपी पप्पू उर्फ इजहार मुसलमान निवासी चीप हाऊस अमलाई निवासी धनपुरी शहडोल के पास के कब्जे से सट्टा खिलाने से प्राप्त नगदी 470 रुपय एक अदद् सट्टा पर्ची, पेन एवं एक अदद् की.पैड मोबाइल फोन आरोपियों से जब्त किया गया।

## भारत माता की जय घोष के साथ निकली तिरंगा यात्रा

### महिलाओं बच्चों द्वारा पुष्प वर्षा से तिरंगा यात्रा का जगह-जगह किया गया स्वागत





**विजय मत, शहडोल**

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक के बैनर तले शहडोल नगर में शनिवार की शाम निकल गई भव्य तिरंगा यात्रा, डीजे ढोल नगाड़े आतिशबाजी एवं देश भक्ति गीतों की धुन के साथ यह यात्रा नगर के जय स्तंभ चौक से प्रारंभ हुई एवं नगर के मुख्य मार्गो से भ्रमण करते हुए तिरंगा यात्रा का भव्य समापन नगर के बुढार चौक में किया गया इस दौरान यात्रा में शामिल नागरिकों ने भारतीय सेना के सम्मान में हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय घोष करते हुए नजर आए तो वही नगर के मुख्य मार्गो में नागरिकों ,महिलाओं ,बच्चों एवं विभिन्न समाज के लोगों ने द्वारा तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत भी किया गया।

शहडोल जिले व नगर के राष्ट्रभक्त नागरिकों के द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पहलगाम के आतंकी हमले का जवाब देते हुए पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकवादियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त कर 100 से अधिक आतंकवादियों को मौत के घाट उतारकर देश की जनता को यह विश्वास दिलाया कि भारत देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भारत की पराक्रमी सेना के होते हुए देश की सुरक्षा को यदि कोई खतरा पहुंचाने का दुस्साहस करेगा तो उसका बदला चौगुनी ताकत के साथ लिया जाएगा ऑपरेशन सिंदूर में हमारे देश की सेना ने अपने वीरता पराक्रम शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को मारकर संपूर्ण विश्व को दिखा दिया कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए सक्षम है। भारतीय सेना के इस अदम्य, अतुलनीय योगदान तथा देश के प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए शहडोल जिले के राष्ट्रभक्त जिला वासियों द्वारा ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई।

इस तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, पूर्व जिला अध्यक्ष तिरंगा यात्रा के संयोजक कमल प्रताप सिंह, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक जयसिंह मरावी, एवं हजारों की संख्या में जिले व शहर के गणमान्य नागरिक, पूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं व्यापारी एवं सर्व समाज के प्रत्येक वर्गो व पार्टी के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारीयों ने सेना के सम्मान में इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर इस गौरवपूर्ण यात्रा और राष्ट्रभक्ति की भावना को जगाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाई है।

### ग्रामीण अंचल के कुछ मेधावी छात्र एम्स जैसी संस्थानों में अपनी सेवा दे रहे हैं

# कोटा से भी बढ़कर वरदान साबित हो रहा है टाइम पब्लिक स्कूल कोचिंग

**टाइम कोचिंग संस्थान से अब तक 300 छात्र एमबीबीएस, 120 छात्र आईआईटी में हुए चयनित**





**विजय मत, शहडोल**

शहडोल संभागीय मुख्यालय में निरंतर 18 वर्ष से संचालित टाइम पब्लिक स्कूल कोचिंग के बढ़ते कदम जिला शहडोल सहित अनूपपुर, उमरिया जिले के शहरी एवं ग्रामीण छात्र छात्राओं के लिए इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में कोटा से भी बढ़कर वरदान साबित हो रहा है। संस्था के संचालक जितेंद्र शुक्ला की कड़ी मेहनत एवं कुशल मार्गदर्शन में अभी तक इस संस्था से अध्ययन कर लगभग 300 से अधिक बच्चे नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एमबीबीएस डॉ बनकर काम कर रहे यहा तक कि टाइम संस्थान से पढ़कर कुछ ऐसे छात्र है जो एम्स जैसी संस्थानों में अपनी सेवा दे रहे जो अपने शहडोल संभाग के लिए बड़े ही गर्व का विषय है। इतना ही नही जेई की परीक्षा में भी अभी तक में टाइम पब्लिक संस्थान के 120 से अधिक छात्रों ने अच्छे रैंक साबित कर चुके है कि राजस्थान में अगर कोटा का नाम पढ़ाई के नाम पर मशहूर है तो शहडोल जिले में संचालित टाइम पब्लिक स्कूल किसी कोटा कम नहीं है।



### 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में भी अच्छा प्रदर्शन किया छात्र-छात्राओं ने

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में टाइम्स स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रदेश की मैरिट एवं जिले की मैरिट में स्थान हासिल कर शानदान प्रदर्शन किया। बोर्ड परीक्षाओं में इस विद्यालय का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा एवं 90 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय एवं अपने-अपने परिवार को गौरवान्वित किया। जिले में कोई नगर या कोई गांव ऐसा नहीं है जहां के लोग टाइम्स संस्थान की उपलिब्धयों के बारे में न जानते हो।

### कलेक्टर ने सविता सोंधिया की सुनी समस्या, निराकरण के दिए निर्देश

शहडोल। संभागीय मुख्यालय शहडोल के पाण्डवनगर निवासी सविता सोधिया ने कलेक्टर कार्यालय के पहुंचकर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को अपनी समस्या बताई। उन्होंने कहा कि मेरे लड़के का अभी तक जाति प्रमाण पत्र नही बना है, मेरे लड़के का जाति प्रमाण पत्र बनवाया जाए। जिस पर शहडोल जिले के संवेदनशील कलेक्टर ने सविता सोंधिया की समस्या सुनी तथा जाति प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश संबंधित को दिए।

### अवैध शराब की धर-पकड़

शहडोल। जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गईए जिसमें कुल 04 स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में 32 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त की गईए जिसकी कुल कीमत 3200 है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

## पाण्डवनगर तालाब में लोगो ने श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश



**विजय मत, शहडोल**

जल है तो कल है, आओ मिलकर कदम बढ़ाएं÷ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जा रहा है।

संभागीय मुख्यालय शहडोल के कॉन्वेंट स्कूल शहडोल स्थित तालाब में नगर पालिका शहडोल द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत साफ सफाई का कार्य किया गया जिसमें नगर पालिका शहडोल के कर्मचारी, स्थानीय निवासी सहित अन्य लोगों ने साफ सफाई कार्य में श्रमदान किया तथा जल के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया

## गांधी स्टेडियम में एथलेटिक्स खिलाड़ियों को दिया गया प्रशिक्षण

**विजय मत, शहडोल**

मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण युवाओं को निश्शुल्क खेल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में कोच श्री धीरेंद्र सिंह (एन आई एस) एथलेटिक्स कोच द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर दक्षिण पूर्व मध्य मिश्रित हाई स्कूल रेलवे शहडोल में रहीम खान पीटीआई द्वारा खो-खो खेल का प्रशिक्षण दिया गया। स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा खेल मैदान में फुटबॉल खेल सहित अन्य खेल विधाओं का प्रशिक्षण युवाओं को दिया गया। गौरतलब है कि 12 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

